श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 252, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 08 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

अब 11 अक्टूबर को होगी सुनवाई, मुस्लिम पक्ष को सुनने के बाद कोर्ट सुनाएगी आदेश

## ज्ञानवापी केसः कार्बन डेटिंग पर फैसला टला





**वाराणसीः ज्ञानवापी-मां** श्रृंगार गौरी केस पर वाराणसी कोर्ट में कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग को लेकर सुनवाई टल गई है। अब 11 अक्टूबर को सुनवाई होगी। जिला जज डॉ. एके विश्वेश की कोर्ट ने कहा कि वादिनी 5 महिलाएं एकमत होकर बताएं कि ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग की किस वैज्ञानिक पद्धति से जांच हो। इस पर अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने आपत्ति दाखिल की है। कमेटी ने कहा कि हमें वादी पक्ष की मांग पर आपत्ति है। उसके लिए हमें समय दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि मसाजिद कमेटी का पक्ष 11 अक्टूबर को सुना जाएगा। इसके अलावा कोर्ट ने वादी हिंदू पक्ष से दो बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है। पहला, क्या कथित शिवलिंग की संरचना इस मुकदमे की संपत्ति का हिस्सा है या नहीं है? दूसरा, क्या कोर्ट वैज्ञानिक जांच के लिए आयोग जारी कर सकता है? गौरतलब है कि कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग को लेकर को लेकर मुकदमा दाखिल करने वाली हिंदू पक्ष की महिलाएं ही दो धड़ों में बंटी हैं। वादिनी चार महिलाएं कथित शिवलिंग की जांच चाहती हैं और एक महिला किसी तरह की जांच नहीं चाहती हैं। राखी सिंह का कहना है कि शिवलिंग मिला है, उसकी कार्बन डेटिंग की जांच से वह खंडित हो जाएगा। ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में पत्थर की यह ठोस संरचना मिली है। इसे लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि यह आदि विश्वेश्वर का प्राचीन शिवलिंग है। वहीं, मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यह खराब पड़ा पुराना फव्वारा है।



### 29 सितंबर को हिंदू पक्ष था आमने-सामने

मां श्रृंगार गौरी के केस की सुनवाई की पिछली डेट 29 सितंबर थी। उस दिन वादिनी सीता साहू, लक्ष्मी देवी, रेखा पाठक और मंजू व्यास की ओर से कोर्ट में एडवोकेट हरि शंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने पक्ष रखा था। दोनों अधिवक्ताओं ने कहा था कि "ज्ञानवापी परिसर में जो शिवलिंग मिला है, उससे किसी तरह से छेड़छाड़ न की जाए। मगर, कार्बन डेटिंग या किसी अन्य वैज्ञानिक पद्धति से साक्ष्य के मद्देनजर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा यह पता लगाया जाना बहुत जरूरी है कि ज्ञानवापी मस्जिद में मिला शिवलिंग कितना पुराना है।

### केस अलग करने की भी की थी मांग

**वादिनी** राखी सिंह के पैरोकार जितेंद्र सिंह विसेन ने 3 अक्टूबर को कहा था, "हिंदू पक्ष की महिलाएं अलग-अलग केस लड़ें। उनका कहना है कि सीता साहू, मंजू व्यास, रेखा पाठक और लक्ष्मी देवी संख्या में अधिक हैं। हमारा पक्ष संख्या में कम यानी सिर्फ राखी सिंह है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आप लोग कोर्ट में एप्लिकेशन देकर अपने मुकदमे को सेपरेट करवा लें। इसके बाद हम सभी स्वतंत्र होकर अपने-अपने टारगेट की ओर बढ़ पाएंगे। हम सभी ने साथ मिलकर कोर्ट में मां श्रृंगार गौरी का केस फाइल किया था। मगर, आपसी मतभेद और एक-दूसरे से तालमेल न बैठने के कारण केस को अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में बाधा आ रही है।" मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन-पूजन सहित अन्य मांगों को लेकर वाराणसी की सिविल कोर्ट में बीते साल अगस्त महीने में मुकदमा दाखिल किया गया था।

**29 सितंबर को हिंदू पक्ष था आमने-सामनेः** मां श्रृंगार गौरी के केस की सुनवाई की पिछली डेट 29 सितंबर थी। उस दिन वादिनी सीता साहू, लक्ष्मी देवी, रेखा पाठक और मंजू व्यास की ओर से कोर्ट में एडवोकेट हरि शंकर जैन और विष्णु शंकर जैन ने पक्ष रखा था। दोनों अधिवक्ताओं ने कहा था कि "ज्ञानवापी परिसर में जो शिवलिंग मिला है, उससे किसी तरह से छेड़छाड़ न की जाए। मगर, कार्बन डेटिंग या किसी अन्य वैज्ञानिक पद्धति से साक्ष्य के मद्देनजर अरक (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) द्वारा यह पता लगाया जाना बहुत जरूरी है कि ज्ञानवापी मस्जिद में मिला शिवलिंग कितना पुराना है। शिवलिंग के अरघे और उसके आस-पास के एरिया की जांच भी जरूरी है।" वहीं, राखी सिंह के एडवोकेट मान बहादुर सिंह ने जांच पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि "जो शिवलिंग मिला है, उसकी कार्बन डेटिंग से वह खंडित हो जाएगा। हमारे सनातन हिंदू धर्म में खंडित मूर्ति की पूजा नहीं की जाती है। इसलिए शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कतई न कराई जाए।" सभी पक्षों को सुनने के बाद जिला जज की कोर्ट ने सुनवाई की अगली डेट 7 अक्टूबर फिक्स की थी।

## 'दुग्ध उत्पादन में पूर्वोत्तर की हिस्सेदारी हो 20 फीसदी'





**गंगटोकः** केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर को दुग्ध उत्पादन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की जरूरत है। अभी इन राज्यों की देश के कुल दुग्ध उत्पादन में 12 फीसदी का योगदान है। इसे 20 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा जाना चाहिए। शाह ने शुक्रवार को गंगटोक में आयोजित 'सहकारी डेयरी सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि सिक्किम में हर दिन दो लाख लीटर दूध का उत्पादन होता है। इसे और बढ़ाने की जरूरत है। यह लोगों की आमदनी बढ़ाने का एक मजबूत जरिया है। डेयरी को किसान की समृद्धि का साधन बनाया जा सके इस दिशा में और काम करने की जरूरत है। दूध की उपलब्धता बढ़ने से बच्चों को पोषण मिलेगा। महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन की ओर हम तेजी से बढ़ सकेंगे। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने तय किया है कि अगले पांच वर्ष के अंदर देश की हर पंचायत में एक डेयरी स्थापित की जाए। शाह ने कहा कि देश में करीब 70 फीसदी दूध असंगठित क्षेत्र से बाजार में आता है। जिसके कारण किसानों को दूध का सही मूल्य नहीं मिल पाता है। ऐसे में सहकारिता क्षेत्र को इस मुद्दे पर गंभीरता से सोचने की जरूर है। उन्होंने कहा कि हमें दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ उसके सही विपणन आदि के बारे में सोचने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि सहकारिता के दायरे को बढ़ाने के लिए प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पैक्स के दायरे को बढ़ाया जा रहा है। कई तरह के नये कार्य भी पैक्स के माध्यम से किए जा सकेंगे। इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।

## साधुओं को पीटने वाले 4 गिरफ्तार, 35 लापता

**भिलाईः** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में बच्चा चोरी के शक में साधुओं की बेरहमी से पिटाई के बाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में योगेंद्र साहू उर्फ छोटू, सत्य नारायण चक्रधारी, भूपेंद्र वर्मा उर्फ कान्हा और सितेंद्र महतो शामिल है। 35 संदिग्धों की तलाश की जा रही है। घटना की सच्चाई जानने के लिए भास्कर की टीम ग्राउंड जीरो पर पहुंची, जहां लोगों ने आरोपियों को पहचानने से इनकार कर दिया,लेकिन सभी का कहना था कि, साधुओं को बेरहमी से मारा गया। बच्चा चोरी करने का आरोप गलत है।

## नोबेल पीस प्राइज : एक व्यक्ति और दो संगठनों को देने का ऐलान



आलिस बिलिआत्स्के (बेलारूस)

**स्टॉकहोमः** दुनिया के सर्वाधिक प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कारों के बीच बहुप्रतीक्षित शांति के नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो गयी है। इस वर्ष नोबेल शांति पुरस्कार मानवाधिकारों को समर्पित रहे हैं। बेलारूस के मानवाधिकार अधिवक्ता एलेस बिआलिआट्स्की और रूस व यूक्रेन की प्रमुख मानवाधिकार संस्थाओं मेमोरियल और सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज को संयुक्त रूप से वर्ष 2022 के लिए शांति का नोबेल पुरस्कार मिला है। शुक्रवार को शांति के लिए नोबेल पुरस्कार का ऐलान हुआ है। दुनियाभर में भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, साहित्य, चिकित्सा और शांति के क्षेत्र में काम करने वालों को नोबेल पुरस्कार दिये जाते हैं। ये पुरस्कार इन क्षेत्रों में वैश्विक रूप से श्रेष्ठ मान्यता का प्रतीक माने जाते हैं। इनमें भी शांति के लिए नोबेल की प्रतीक्षा वैश्विक स्तर पर होती है, क्योंकि वैश्विक शांति स्थापना के मजबूत स्तंभ को यह पुरस्कार दिया जाता है। नार्वेइयन नोबेल कमेटी की अध्यक्ष बेरिट रेज एंडर्सन ने बताया कि एक व्यक्ति व दो संस्थाओं को संयुक्त रूप से वर्ष 2022 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला हुआ है। इस वर्ष बेलारूस के मानवाधिकार अधिवक्ता एलेस बिआलिआट्स्की, रूस के मानवाधिकार संगठन मेमोरियल और यूक्रेन के मानवाधिकार संगठन सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज को संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला हुआ है। नोबेल शांति पुरस्कारों की घोषणा करते हुए बेरिट रेज एंडर्सन ने कहा कि इस वर्ष शांति का नोबेल पाने वाले बेलारूस के मानवाधिकार अधिवक्ता हों या रूस और यूक्रेन के मानवाधिकार संगठन, इन तीनों ने अपने देशों में नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। वे पिछले कई वर्षों से नागरिकों के मूल अधिकारों की रक्षा के लिए सत्ता की आलोचना के अधिकार को बढ़ावा दे रहे थे। इन्होंने युद्ध अपराधों, मानवाधिकार हनन और सत्ता के दुरुपयोग के मामलों को सामने लाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किये हैं। ये सभी शांति और लोकतंत्र के लिए नागरिक समाज की उपयोगिता को साबित करने में सफल रहे हैं। इससे पहले फ्रांसीसी लेखिका एनी एरनॉक्स को वर्ष 2022 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा हुई थी।

## दशहरे पर कर्नाटक के मदरसे में घुसी भीड़, 4 अरेस्ट

**बेंगलुरुः** कर्नाटक के बीदर जिले में दशहरा रैली में भाग ले रहे कुछ लोग एक पुराने मदरसे में घुस गए। यहां पर इन लोगों ने नारेबाजी की और मदरसे के एक कोने में पूजा भी की। इस मामले में पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक अब तक 4 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जबकि 5 आरोपी अब भी फरार है। वहीं राज्य के गृह मंत्री ने कहा है कि गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ। दोषियों पर कार्रवाई के लिए पुलिस की टीम काम कर रही है। एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने राज्य की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि वह ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देकर मुस्लिमों को नीचा दिखाने की कोशिश कर रही है। महमूद गवान नाम का यह मदरसा 1460 में बनाया गया था। यह मदरसा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत आता है। यह इमारत देश के अहम स्मारकों की सूची में भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि इस भीड़ ने मदरसे का ताला तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने मदरसे की सीढ़ियों पर खड़े होकर जय श्री राम और हिंदू धर्म जय के नारे लगाए, फिर मदरसे के एक कोने में खड़े होकर पूजा भी की।

17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने नामीबिया से लाए गए चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा था

## चीतों की निगरानी के लिए 9 सदस्यीय टीम गठित

**नई दिल्लीः** मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से लाए गए चीतों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 9 सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम का गठन किया है। 9 सदस्यीय टीम में मध्यप्रदेश के प्रधान सचिव फॉरेस्ट), प्रधान सचिव (टूरिज्म), मुख्य वन संरक्षक (एमपी), प्रधान सचिव वन संरक्षक (वन्यजीव) के साथ सेवानिवृत प्रधान वन संरक्षक एवं चीफ वाइल्डलाइफ वॉरडन(एमपी), एनटीसीए के इंस्पेक्टर जनरल डॉ अमित मलिक,



वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की वैज्ञानिक डॉ. विष्णु प्रिया, भापोल सांसद अभिलाष खांडेकर, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक शुभोरंजन सेन शामिल किए गए हैं। कमेटी के सदस्य नामीबिया से लाए गए आठ चीतों के स्वास्थ्य से लेकर उनके शिकार करने के कौशल और उनके नए परिवेश में ढलने की गतिविधियों की निगरानी रखेंगे। इसके साथ इन चीतों को कब दूसरे बाड़े में छोड़ना है और इस क्षेत्र को कैसे पर्यटन के लिए तैयार करना है इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए चीतों को मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा था। इन चीतों को अभी क्वारंटीन में रखा गया है।

11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्जैन में महाकाल लोक का लोकार्पण करेंगे

## महाकाल लोकः 5 हजार मंदिरों में एक साथ भजन-कीर्तन

**भोपालः** दिवाली 24 अक्टूबर को है, लेकिन मध्यप्रदेश में दिवाली जैसी रौनक 13 दिन पहले यानी 11 अक्टूबर को भी रहेगी। प्रदेशभर के करीब 25 हजार मंदिरों में दीप सज्जा और भजन-कीर्तन होंगे। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्जैन में महाकाल लोक का लोकार्पण करेंगे। इस इवेंट को प्रदेश के गांवों के लोग लाइव देख सकेंगे। गांवों में भी बड़ी टीवी स्क्रीन लगाई जाएंगी। सबसे ज्यादा फोकस शिव मंदिरों की ओर रहेगा। बीजेपी भी इस दिन कार्यक्रम आयोजित करेगी। उज्जैन में 5 दिनों तक उत्सव मनाया जाएगा। यहां 300 मंदिरों को रंगाई-पुताई का काम किया जा रहा है। 609 पंचायतों के



प्रमुख मंदिरों को सजाया जा रहा है। उज्जैन में महाकाल लोक के लोकार्पण इवेंट को शिवराज सरकार बड़े उत्सव या यूं कहें कि त्योहार के रूप में मना रही है। पीएम मोदी महाकाल कॉरिडोर का लोकार्पण अमृत सिद्धि योग में करेंगे। 856 करोड़ रुपए की लागत से श्री महाकाल लोक बना है।

**शाम 5 बजे दीप प्रज्जवलन किया जाएगाः** प्रदेश में 23 हजार सरकारी मंदिर व ट्रस्ट हैं। 2 हजार से ज्यादा मंदिरों की देखरेख निजी स्तर पर की जाती है। इन मंदिरों में 11 अक्टूबर की शाम 5 बजे दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। वहीं, पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन भी किए जाएंगे।

**इनको सौंपी जिम्मेदारीः** नगरीय क्षेत्र में संबंधित निकाय को स्क्रीन या प्रोजेक्टर की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, गांवों में पंचायत स्तर से टीवी स्क्रीन की व्यवस्था की जाएगी। यदि पंचायत में एक ही टीवी स्क्रीन है और गांव अधिक हैं, तो आम लोगों की मदद से स्क्रीन लगाई जाएगी।

**भोपाल के सभी मंदिरों में लगेगी स्क्रीनः** राजधानी भोपाल के सभी मंदिरों में स्क्रीन लगाने का प्लान है। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने इस संबंध में बैठक लेकर सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने बताया कि मंदिरों की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और रोशनी भी की जाए। प्रत्येक मंदिरों में वाद्य यंत्र व रंगोली सजाई जाए। दोपहर 4 बजे से मंदिरों में शंखनाद किया जाए। झंडे, बैनर, से प्रचार-प्रसार हो।

## सपा संरक्षक मुलायम सिंह की हालत नाजुक

**लखनऊः** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। विशेषज्ञों की टीम उनके इलाज में जुटी हुई है। मेदांता अस्पताल के स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक, मुलायम सिंह यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। उनका इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम कर रही है। वह अभी भी जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। इस बीच उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मेदांता पहुंचकर मुलायम सिंह का हाल



जाना। वह करीब आधा घंटे तक अस्पताल में मौजूद रहे। इस दौरान सपा महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव भी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार नेताजी की सेहत को लेकर चिंतित है। इस मुलाकात के बाद प्रो. यादव ने राज्य सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नेताजी सबके नेता हैं।

## खबर संक्षेप



### नौशाद ने मुलायम सिंह यादव के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपनी किडनी देने की पेशकश की

**करछना।** समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नौशाद अंसारी ने मेदांता अस्पताल मे भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को अपनी किडनी देने की पेशकश की है जिला उपाध्यक्ष नौशाद अंसारी ने कहा कि नेता जी के बेहतर स्वास्थ्य के लिए वह अपनी किडनी देने के लिए तैयार है कहा कि नेता जी मुलायम सिंह यादव का स्वस्थ होना समाजहित में बहुत जरूरी है बताते चले कि समाजवादी पार्टी के पुर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एव पूर्व मुख्यमंत्री अपने खराब स्वास्थ्य के चलते मेदांता अस्पताल मे भर्ती है कोरांव के सपा कार्यकर्ता नौशाद अंसारी ने बडा दिल दिखाते हुए अपने नेता को किडनी देने का निर्णय किया नौशाद अंसारी समाजवादी पार्टी के सक्रिय नेता और कोराव कस्बे के चर्चित चेहरा है नौशाद के इस कदम की चारो ओर जमकर प्रशंसा की जा रही हैं।

# रीवा क्युती वाटरफॉल में युवक की डूबकर मौत





मध्यप्रदेश रीवा का क्युती वाटरफॉल तथा मृतक आकाश सोनी की फाइल फोटो

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मध्य प्रदेश के रीवा क्युती वाटरफॉल नहाने गए मेजा के युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रीवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। युवक की मौत की सुचना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव निवासी बलराम सेठ का बेटा आकास सोनी (20) सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। परिवार के लोग कई वर्षों से मेजा खास मे रहते हैं। आकाश सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। वह बुधवार को अपने कुछ दोस्तों के साथ मध्य प्रदेश के सुहागी थाना अंतर्गत रीवा क्युती वाटरफॉल नहाने गया था। जहां गुरुवार को आकाश की संदिग्ध परिस्थितियों मे वाटरफॉल में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। सूचना पर सुहागी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई मे जुट गई है। सूचना परिवार में पहुंची तो कोहराम मच गया। आकाश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिवार के लोग वहां पहुंचे हैं। आकाश की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस चौकी भीरपुर में प्रेमी जोड़े की पुलिस ने कराई शादी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से 2 साल पूर्व एक प्रेमी जोड़ा फरार हो गए थे जिसकी शादी करछना थाना क्षेत्र के पुलिस रिपोर्टिंग चौकी भीरपुर में प्रेमी जोड़े की परिवारी जनों के साथ शादी रचा दी गई प्राप्त जानकारी के अनुसार करछना थाना क्षेत्र के बीरपुर गांव का रहने वाला युवक सुनील कुमार पुत्र संतलाल 2 साल पूर्व पड़ोसी गांव महेवा की रामसूरत की पुत्री सुनीता को भगा ले गया था कुछ दिन बाद सुनीता किसी तरह से अपने घर लौट आई थी उसके बाद 2 साल बाद सुनील जब गांव लौटा तो पड़ोस के गांव महेवा जाकर पुनः सुनीता से मेलजोल कल मिलने जुलने का सिलसिला जारी रखा दो दिन पूर्व सुनील अपनी प्रेमिका से महेवा गांव मिलने गया था तभी लड़की पंक्ष के लोगों ने पकड़ लिया तथा पुलिस में शिकायत की लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस चौकी इंचार्ज ने दोनों परिवार के लोगों को बुलाकर भीरपुर पुलिस रिपोर्टिंग चौकी इंचार्ज ने दोनों प्रेमी जोड़े एवं परिजनों की रजामंदी से मंदिर में शादी कराई दी गई।



## न्यूज झरोखा...

### राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर बने गड्ढे विभागीय लापरवाही की खोल रहे पोल

#### नेताओं के आगमन पर घंटो में बनती हैं सड़कें, जनता पूछती है कब होंगी गड्ढा मुक्त सड़कें राष्ट्रीय राजमार्ग का हाल



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र प्रदेश की योगी सरकार की गड्ढा मुक्त सड़कें बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है ।गड्ढों के चलते लोग रोजाना दुर्घटना का शिकार हो रहे। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के लखनपुर पेट्रोल टंकी से लेकर डीजीएस गेस्ट हाउस ओवरब्रिज तक सड़क पर भारी मात्रा में गड्ढे बने हुए हैं। जिसके चलते लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं । राजमार्ग पर बने गड्ढे विभागीय लापरवाही की पोल खोल रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गड्ढा पिछले कई महीनों से बना हुआ है। लेकिन विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। आपको बताते चलें मुख्यमंत्री चुनाव में पहले जब उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आगमन सड़क मार्ग से हुआ था। उस समय मांडा से प्रयागराज तक की सड़को को 12घंटे के अंदर गड्ढा मुक्त कर दिया गया था। और अब वही सड़के पिछले कई महीनों से गड्ढा युक्त हैं। हादसे भी हो रहे हैं। मगर ज़िम्मेदार चादर ओढ़ कर सो रहे हैं। फिलहाल सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 15नवंबर तक प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का आदेश अधिकारियों को दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि गड्ढा मुक्त योजना का 15नवंबर तक राहगीरों को कितना फायदा होगा। और मुख्यमंत्री जी के आदेश को अधिकारी कितनी गंभीरता से लेते हैं।

### निमिया के छाँव में नव दिन रहलू माई संगे हमरा गाँव में...



**जंघई।** शारदीय नवरात्रि में जय मां दुर्गा पूजा समिति चनेथू मलियान में नौ दिन अलग-अलग रुप में मां दुर्गा की पूजा अर्चना आरती विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण से की गई। नवरात्र में पूरा क्षेत्र भक्ति गीत एवं पूजा अर्चना आरती से भक्तिरस में सराबोर रहा। नवरात्र समापन पर हवन-पूजन आरती प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को नम आंखों से मां की प्रतिमा का विसर्जन पास के जलाशय वरुणा नदी में किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक सुशील यादव, दयानाथ माली, सुनील माली, कल्लू माली, खुशहाल, विशाल, निहाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मिनी ट्रकों में परिवहन किया जा रहा सवारियों और नौनिहालों को



**जारी।** डग्गामार वाहनों द्वारा सवारियों का परिवहन पूरी तरह से शासन द्वारा बंद कर दिया गया है इसके बावजूद पिकअप में नौनिहालों को लादकर ले जाया जा रहा है बड़ी दुर्घटना संभावना बनी हुई है लेकिन स्कूल प्रशासन सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए बच्चों का परिवहन ट्रकों और ट्रालियों में करा रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि रोड पर चल रहे डग्गामार वाहनों पर अस्थानीय प्रशासन का कोई भी रोक-टोक नहीं है जिससे यह डग्गामार वाहन सवारियों को भेड़ बकरियों की तरह बैठाकर परिवहन कर रहे हैं इन वाहन चालकों के पास कोई भी वैध ड्राइविंग लाइसेंस , वाहनों के परमिट , फिटनेस , इंश्योरेंस आदि प्रपत्र या तो है , यदि हैं भी तो वे काफी दिनों से एक्सपायर चल रहे हैं इन सब बातों को देखकर डग्गामार वाहन और स्थानीय पुलिस के गठजोड़ को ही दर्शार्ता है। जहाँ कानपुर में हुए भीषण हादसे में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से दो दर्जन से अधिक लोगो की दर्दनाक मौत हो गई , जिससे सचेत होकर सरकार ने डग्गामार वाहनों और ट्रैक्टरों पर सवारियों का परिवहन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।

# मौसम का साथ मिलने पर परवान चढ़ा शंकरगढ़ का मेला

## देर रात निकाली गईं आधा दर्जन चौकियां, दूरदराज से आए लोगों ने की जमकर खरीदारी

अखंड भारत संदेश





**शंकरगढ़।** पहले दिन भारी बरसात की भेंट चढ़ा शंकरगढ़ का ऐतिहासिक मेला दूसरे और तीसरे दिन पूरे परवान पर नजर आया। दूसरे और तीसरे दिन सुबह से ही मौसम खुशगवार बना रहा। दिनभर दूरदराज से आए लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी की। बच्चों ने झूले का आनंद लिया। रोजमर्रा की जरूरतों वाली दुकानों पर महिलाओं की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। मेले में शंकरगढ़ क्षेत्र के अलावा मध्य प्रदेश के रींवा जनपद के समीपवर्ती दर्जनों गांवों के लोगों ने भी इस मेले का लुत्फ उठाया। मेले के दूसरे और तीसरे दिन रात में आकर्षक चौकियां निकाली गईं। चौकियों और झांकियों को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ सदर बाजार में जमा रही। मेला आयोजन कमेटी की तरफ से देर रात आधा दर्जन से अधिक झांकियां निकाली गईं। देवाधिदेव महादेव, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम समेत विभिन्न देवताओं और ऋषियों के जीवन पर आधारित झांकियां जब सदर बाजार मोहल्ले के मार्गों से गुजरीं तो घरों में मौजूद लोग भी छज्जे पर आ गए और न सिर्फ झांकियों पर पुष्पवर्षा की, बल्कि जयश्रीराम का उद्घोष भी किया। इस दौरान जगह-जगह झांकियों का स्वागत किया गया। रातभर लोग एक पैर पर खड़े होकर मेले का आनंद लेते नजर आए। शुक्रवार को मेले के तीसरे दिन भी दोपहर बाद से ही मेले में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। सांझ ढलते-ढलते मेला परिसर लोगों कीभीड़ से कस गया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, एसआई ऋतुराज सिंह अपनी टीम के साथ डटे रहे। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लोगों को बराबर माइक के जरिए सजग किया जा रहा था। इसके अलावा आयोजन कमेटी के वालंटियर्स भी आयोजन स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को संभालने में मुस्तैद नजर आए। शंकरगढ़ कस्बे का यह ऐतिहासिक मेला तीन दिन चलता है। शुक्रवार को मेले का आखिरी दिन था।

## कार की टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**करछना।** थाना क्षेत्र मिजार्पुर प्रयागराज हाईवे पर कटका गांव के सामने कार की टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक मेजा क्षेत्र के शिव का पूरा गांव निवासी रवि शंकर पुत्र स्वर्गीय लालता प्रसाद शुक्रवार दोपहर के वक्त अपनी मोटर साइकिल से देवरी कला गांव स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने जा रहा था।अभी वह रास्ते के कटका गांव के सामने पहुंचा था उसी दरमियान पीछे की ओर से तेज रफ्तार से आ रहा कार चालक ने बेकाबू होकर बाइक में जोरदार टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला। हादसे में बाइक सवार के विभिन्न अंगों में गंभीर चोटे आ गई। सूचना होने पर डाल 112 की पुलिस व स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में पास के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेज दिया गया।

# एम एल पब्लिक स्कूल में प्रोजेक्टर कक्ष का हुआ उद्धघाटन

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र विकास खण्ड उरूवा ग्रामसभा बगहा, सिरसा स्थित सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त एम0 एल0 पब्लिक स्कूल में वन्य प्राणी सप्ताह एवं स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डी एफ ओ प्रयागराज महावीर काजोलगी उपस्थित रहे और विशिष्ट अतिथि के रूप में वन क्षेत्राधिकारी अजय सिंह रहे संगोष्ठी की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने किया संगोष्ठी की शुरूआत डीएफओ के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर-के हुई उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डीएफओ महोदय ने कहा कि हम लोगों को अपने आस पास पेड़ पौधों के साथ-साथ वन्य जीव और जलीय जीवो का भी देख-रेख और संरक्षण करें, क्योंकि वन्यजीवों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है इसके इसलिए हम सब लोगों को वन्य जीव और जलीय जीवो के विषय में गंभीरता से ध्यान देते हुए इनकी रक्षा और सुरक्षा करनी चाहिए कार्यक्रम के दौरान डीएफओ महावीर कजौलगी को प्रधानाचार्य और प्रबंधक ने मोमेंटो भेंट किया उसके बाद मुख्य अतिथि ने स्कूल में प्रोजेक्टर कक्ष का फीता काटकर के उद्घाटन भी किया और बच्चो से कई प्रश्न भी किए सही जवाब देने वाले प्रतिभावान बच्चों को मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया क्षेत्राधिकारी अजय सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक यह वन्य जीव संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत हम लोग क्षेत्रीय लोगों को जागरूक करते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने ,वन्य जीवों और जलीय जीवों की रक्षा सुरक्षा करने के लिए प्रेरित किया स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय ने आए हुए सभी अतिथियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं बच्चों को धन्यवाद दिया इस दौरान प्रमुख रुप से निदेशक बबीता गुप्ता, वन दरोगा विपिन सिंह ,वन रक्षक अनुपम पांडे ,के पी उपाध्याय ,अभिरंजन गुप्ता, गौरव पांडे, रोहन मिश्रा,कमलेश शर्मा,विपुल यादव,प्रशांत तिवारी, दिव्यांशु गुप्ता, विपिन शुक्ला, रिशु, अमित दुबे, धीरेंद्र पटेल, विजेंद्र राय, अविनाश, रवि, नेहा गुप्ता, पवन यादव ग्राम प्रधान खानपुर प्रतिनिधि जटाशंकर गुप्ता ,सतीश यादव, भोलानाथ सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## विभागीय उदासीनता के चलते पेयजल योजना अधर में- गांव में पेयजल संकट

**करछना।** तहसील क्षेत्र के सेमरी तालुका पुरवा में जल जीवन मिशन का योजना विभागीय उदासीनता के कारण कई महीनों से अधूरा है। उक्त गांव मे पाइपलाइन बिछाने को लेकर कुछ लोगो द्वारा आपत्ति की जाती थी जिसके आड़ में विभाग के उच्चाधिकारी भी पाइप लाइन बिछाने में हीलाहवाली करने लगे। कई बार शिकायत करने पर जब पुलिस बल की मांग विभाग द्वारा की गयी और अब पुलिस अराजकतत्वों को चेतावनी देकर कार्य प्रारम्भ करने को कहा फिर भी जल निगम विभाग द्वारा अभी तक बचे हुए करीब 200 मीटर पाइप लाइन नही बिछाई गयी जिससे वर्षों से स्वच्छ पानी की बाट जोह रहे ग्रामीणों को निराश होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है जिसके कारण कार्य पूरा नही किया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने जाने की मांग की है।

# दत्तोपंत ठेंगड़ी श्रमिक शिक्षा में महिलाओं ने लिया एक दिवसीय प्रशिक्षण




प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि एवं अन्य।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करती मधु त्रिपाठी।

अखंड भारत संदेश

**डिजिटल इण्डिया के तहत राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण महिला प्रतियोगियों को राम दुलार स्मारक डिग्री कालेज बहमहुआ सहसों में दिया गया प्रशिक्षण**

**सहसों।** डिजिटल इंडिया के तहत श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार का उपक्रम दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड द्वारा ग्रामीण महिला प्रतियोगियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को राम दुलार स्मारक डिग्री कॉलेज बसमहुआ सहसों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों के प्रबंधक व भाजपा गंगापार जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने प्रशिक्षण में सम्मिलित प्रतिभागी महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि आज डिजिटल इंडिया का युग है जिसमें स्मार्टफोन ज्ञान का खजाना है जिससे आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। धन का भुगतान से लेकर बच्चे की शिक्षा तक आप मोबाइल फोन से कर सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद कॉलेज के प्रबंधक ज्ञान प्रताप सिंह ने कहा कि कैरियर से लेकर बच्चे की पढ़ाई तक आप मोबाइल फोन में खोज कर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें सकते हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शिक्षा अधिकारी अजय सिंह ने कहा कि श्रमिकों के कौशल की पहचान के लिए आगे आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा। जिनमें एनएसडीसी द्वारा कौशल की पहचान कर उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए चन्द्र मणि मिश्रा ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिए। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षित प्रतिभागी महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकित, मधु त्रिपाठी, महेंद्र, बृजेश, मनीषा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस चौकी जंघई में अपराधियों एवं दलालों का जमावड़ा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत चौकी इंचार्ज जंघई सुधीर कुमार पांडेय एवं पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि इनकी सांठगांठ अपराधियों, दबंगों, जुआरियों, सट्टेबाजों और फर्जी किस्म के दलाल लोगों से है। सुधीर कुमार पांडेय चौकी इंचार्ज जबसे बनकर आये हैं तब से कुछ दलाल किस्म के लोगों का जमावड़ा लगने लगा है। इनके अलावा स्वयं को पुलिस मित्र कहने वाले दलाल किस्म के लोग भी शामिल है जो पुलिस विभाग के कार्यक्रमों में शामिल होकर अधिकारियों संग मोबाइल से फोटो खींच कर सोशल मीडिया में वायरल कर आम जनमानस में अपनी साख जमाते है। इसके बल पर निर्दोष लोगों को खाकी वर्दी का डर दिखाकर पुलिस के लिए मामले खोजकर लाते रहे। साथ ही अच्छी कमाई कराते और करते हैं। वहीं कतिपय दबंग अपराधी और फर्जी किस्म के नेता चौकी पर डटे रहते हैं। फरियादियों को ये सभी डरा धमकाकर कर भगा दिया करते है जो विचौलिए दलालों के माध्यम से जातें हैं उन्हीं का काम पैसा लेकर किया जाता है। जबकि पुलिस कप्तान प्रयागराज की साफ मंशा है कि सरकारी कार्यों में जानबूझकर लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मी सुधर जाएं जनता से खराब व्यवहार करने वाले भ्रष्टाचारी, कदाचारी, अपराधियों, दबंगों, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा दलाल किस्म के लोगों से सांठगांठ रखने वाले पुलिस कर्मियों को किसी भी सूरत में कतई बख्शा नहीं जाएगा।

# मऊआइमा में सकुशल समपन्न हुआ भरत मिलाप समारोह

## मानस की चौपाइयों ने वातावरण को किया अमृत व आनंदरस से सराबोर

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण भरत व शत्रुघ्न के साथ माता जानकी के मिलन से सभी की आँखें नम हो गईं। रामलीला समिति मऊआइमा की ओर से आयोजित 74वें भरत मिलाप का मनोरम दृश्य देखकर जनसमूह भाव विभोर था। पुष्पवर्षा व अमृतमय मानस की चौपाइयां वातावरण को अमृत व आनंदरस से सराबोर कर रही थीं। जनसमूह की तंद्रा टूटते ही बरबस जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष से समूचा वातावरण गूंज उठा। भरत मिलाप के पहले आकर्षक झांकियां निकाली गई, एक से बढ़कर एक झांकियों की प्रस्तुति के लिए कलाकारों ने अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन किया। सभी कलाकारों एवं झांकियों के आयोजकों को समिति के संरक्षक निमिष खत्री ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मऊआइमा कस्बा स्थित चुनौटा कुंआ चौराहे पर शुक्रवार को भोर में भरत मिलाप का मंचन किया गया` 14 वर्ष पूर्ण होने में कुछ ही क्षण का समय शेष रहने पर भरत भ्राता श्री राम के वियोग में विलाप करते हैं,जिसे देखकर भक्तों की आंखें नम हो जाती हैं` इसी बीच हनुमान जी श्री राम का अयोध्या लौटने का संदेश लेकर आते हैं और कुछ ही देर में राम सहित चारों भाई एक दूसरे से गले मिलते हैं तो यह दृश्य देखकर सभी हर्षित हो रूठे` पूरा क्षेत्र श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान घरों के बरामदे और छतों पर खड़ी महिलाओं ने पुष्पवर्षा की। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष सचिन साहू, महामंत्री रमेश सोनी, नितिन पाल, संजय साहू, राजेश गुप्ता, राजेंद्र साहू,भोंदू हकीम, रोहित मौर्य, शनि खत्री, प्रदीप केसरवानी, बिजलू चौरसिया, राजू डीजे, राजेश सोनी बिंदेश्वरी प्रसाद केसरवानी समेत कमेटी के पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया विजय दशमी पर्व, देर रात तक लगा रहा मेला



**सिरसा।** मेजा नगरपंचायत सिरसा क्षेत्र में दशहरा बड़े धूमधाम से मनाया गया।जगह-जगह रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व मनाया गया। रावण दहन और इस दौरान लगने वाला दशहरा मेले में काफी संख्या में लोग उमड़े हुए थे। बाजारो में पुतला दहन का दृश्य देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो के लोग दोपहर से ही नगरों और कस्बो का रुख करने लगे। पुतला दहन के बाद भी यह भीड़ देर रात तक वहां मेले लगे रहे। लोगो का हजूम को देखते हुए सभी प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। पुलिस लगातार मेला क्षेत्रों का चक्रमण करती रही। विजयदशमी पर स्थानीय रामलीला मैदान रामलीला के दसवें दिन राम-रावण का युद्ध का मंचन किया गया। उसके बाद राम -रावण का युद्ध हुआ। जब श्रीराम ने रावण का वध किया और रावण का पुतला जला तो वहाँ मौजूद लोगो ने असत्य पर सत्य की विजय हुई। जय श्रीराम जय श्रीराम के नारे लगता रहा। दशहरा जोकि बुराई पर अच्छाई का प्रतीक हैं। और असत्य पर सत्य की जीत हैं। इस दौरान बनाए गए रावण ,कुम्भकरण व मेघनाथ के पुतले देखने योग्य थे। भगवान राम ने इसी दिन रावण और उनके साथ उनके दोनों भाइयों का वध किया था। इसलिए दशहरे को भारतवर्ष में काफी धूमधाम से मनाया जाता हैं। प्रमुख स्थानों पर नगरपंचायत सिरसा, ग्रामपंचायत उपरौड़ा (लोहारी), ग्रामपंचायत रामननगर, मेजारोड और भी कई स्थानों पर विजयदशमी का पर्व वड़े धूमधाम और श्रद्धापूर्वक से मनाया गया। विजयदशमी मेला के पर्व पर सुरक्षा में मेजा पुलिस थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, सिरसा पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश कुमार एंव पुलिस टीम चारों तरफ मेले क्षेत्र में निगरानी और सुरक्षा करते रहे।

## खबर संक्षेप


अभि० राकेश भारतीया


अभि० अखिलेश भारतीया उर्फ जोजो

### बम तमंचे के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**झूंसी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में झूंसी पुलिस ने दो युवकों को तमंचा, बम के साथ गिरफ्तार किया एक युवक के पास से नशीला पाउडर भी पुलिस ने बरामद किया है। यह जानकारी झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने दी। बताया कि चौकी इंचार्ज चमनगंज योगेंद्र कुमार सिंह मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को त्रिवेणीपुरम से राकेश भारतीया उर्फ रहमान पुत्र लालाराम को गिरफ्तार कर उसके पास से 225 गांव नशीला पाउडर व एक 315 बोर का तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद किया। वही दूसरे दिन शुक्रवार को योगेंद्र कुमार सिंह ने ही त्रिवेणीपुरम से अखिलेश भारतीया उर्फ जोजो पुत्र स्व राम सूरत भारतीया को गिरफ्तार का उसके कब्जे से तीन जिन्दा बम बरामद किया। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया।

# अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के 50वीं स्वर्ण जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शुक्रवार को अमिताभ बच्चन स्पोर्टस काम्पलेक्स में स्पोर्टस काम्पलेक्स के 50वीं स्वर्ण जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों तथा नवोदित खिलाड़ियों को इस स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर ह्रदय की गहराईयों से बधाई देता हूं। इस काम्पलेक्स में लम्बे समय से जुड़े हुए न्यायमूर्ति विक्रमनाथ जी तथा न्यायमूर्ति डी0पी0 सिंह व अन्य महानुभूतियों को जिन्होंने इस काम्पलेक्स में स्पोर्टस की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए रूचि लेकर अपना योगदान दिया है, उन सभी को इसके लिए धन्यवाद व बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि खेलों में विश्व स्तरीय प्रदर्शन से देशों की सामर्थ्य का अंदाजा लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज को संगम नगरी के रूप में माना जाता है, यहां पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय व अन्य संस्थायें उत्तर भारत में शिक्षा के केन्द्र के प्रमुख स्तम्भ के रूप में जाने जाते रहे है। उत्तर प्रदेश का और दुनिया का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय इलाहाबाद, देश की सबसे बड़ी आबादी वाले प्रदेश के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने का कार्य कर रहा है। प्रयागराज कुम्भ में देश-दुनिया से श्रद्धालु पुण्य की प्राप्ति को आते है। यह मान्यता है कि दुनिया की पहली गुरूकुल की स्थापना महर्षि भरद्वाज जी ने इसी प्रयागराज में की थी। यह उन्हीं का आशीर्वाद है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों के द्वारा लम्बे समय से देश के अंदर प्रतियोगी परीक्षाओं में मेरिट की सूची में उनका नाम आता है, तो यह प्रयागराज के महत्व को कई गुना बढ़ाता है। आज प्रयागराज की नई पहचान स्पोर्टस के माध्यम से देश व दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के लिए यहां की विभूतियों ने इस म्योहाल को स्पोर्टस काम्पलेक्स के रूप में स्थापित करते हुए आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिए आनंद का क्षण है। स्वर्ण जयंती वर्ष व्यक्ति के जीवन में तथा संस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर हमें आत्ममंथन करने व भावी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मुझे बताते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रही है कि जनपद में खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए अकेले

**प्रयागराज में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने के लिए खर्च किए जा रहे 100 करोड़ रुपए, मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके पांच खिलाड़ियों को किया सम्मानित**



प्रयागराज के लिए स्मार्ट सिटी मिशन के तहत खर्च कर रहे है और यहां पर अमिताभ बच्चन स्पोर्टस काम्लेक्स के लिए ही जो कुल योजना है और जो कार्य होने जा रहे है, उसकी लागत अकेले 60 करोड़ रू0 है। इसके साथ ही प्रयागराज के अंदर जो सरकारी एवं सहायता प्राप्त सरकारी स्कूल है, उनके लिए 10 करोड़ 16 लाख रू0, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के लिए 10 करोड़ 86 लाख रू0, चन्द्रशेखर आजाद पार्क में खेल सुविधाओं के विकास के लिए 7 करोड़ 73 लाख रू0, ओपन एयर जिम और मल्टी एक्टिविटीज प्ले सिस्टम के लिए 4 करोड़ 25 लाख रू0 और 60 स्थानों पर बच्चों के खेल-कूद व मनोरंजन के लिए मल्टी एक्टिविटीज प्ले सिस्टम के लिए 2 करोड़ 80 लाख एवं नौकायन के लिए 2 करोड़ रू0 स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्वीकृत किए गए है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार के द्वारा हर गांव में खेल मैदान तथा ब्लाक स्तर पर स्टेडियम तथा मिनी स्टेडियम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही गांव में ओपन जिम व पार्को के सुंदरीकरण का कार्य भी कराया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर सभी लोगो को आश्वस्त करते हुए कहा कि स्पोर्टस काम्पलेक्स के सम्बंध में जो भी प्रस्ताव आज आयें है, उस पर जल्द ही कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि धन की कोई कमी नहीं है, केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार खेलों को सर्वोच्च शिखर तक पहुचांने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश व विदेश में खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाये जाने के दृष्टिगत मेरठ में मेजर ध्यानचन्द्र के नाम पर देश का पहला 100 एकड़ में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का खेल विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्पोर्टस काम्पलेक्स में खेलों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है, यहां पर कई इंडोर खेल उपलब्ध है। यहां के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर देश व दुनिया में अपना नाम रोशन किया है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आप पूरे मेहनत व लगन के साथ प्रैक्टिस करते रहे, प्रदेश सरकार आप के साथ है। कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री जी खेलों को बढ़ावा देने तथा युवाओं की प्रगति के लिए समर्पित भाव के साथ कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्तिम गांव तक विकास की रोशनी पहुंचे, प्रदेश के अन्तिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे और प्रदेश में कानून व्यवस्था रहे, इसके लिए मा0 मुख्यमंत्री जी सदैव समर्पित रहते है। प्रदेश को गुण्डा मुक्त प्रदेश बनाने में मुख्यमंत्री जी ने सख्त कदम उठाये है इस अवसर पर सांसद इलाहाबाद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, सांसद भदोही रमेश चन्द्र बिंद, सांसद कौशाम्बी विनोद सोनकर, महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नंदी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक शहर पश्चिमी सिद्धार्थ नाथ सिंह, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद, विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव, सुरेन्द्र चैधरी, सुरेश त्रिपाठी जी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा गणमान्य लोगो के साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति श्रीमती संगीता श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे।

# श्री रामभद्राचार्य महाराज से मिले डिप्टी सीएम, लिया आशीर्वाद

**अखंड भारत संदेश**

**मेजारोड।** मेजारोड स्थित डीजीएस गेस्ट हाउस मे दिव्यांगोत्थन श्रीराम सेवा ट्रस्ट (न्यास) मेजा प्रयागराज के बैनर तले चल रहे सात दिवसीय श्रीराम कथा विषयक के चौथे दिन शुक्रवार को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के मेजा आगमन पर सर्वप्रथम मेजा के समहन गांव स्थित मानस फिलिंग स्टेशन पर पूर्व विधायक मेजा नीलम करवरिया व मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष ई नित्यानंद उपाध्याय डिप्टी सीएम का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। भेंट स्वरूप उन्हें हनुमान की प्रतिमा दिया उसके बाद उनका काफिला मेजा के लखनपुर स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले मे पधारे तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य महाराज के पास पहुंचा। वहां पहले से मौजूद भाजपा नेताओं व कार्यकताओं ने

**मेजा के सिंचाई विभाग डाक बंगले में पधारे तुलसी पीठाधीश्वर श्रीराम भद्राचार्य महाराज से मिलते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक**



गर्मजोशी से नारे लगाते हुए डिप्टी सीएम का स्वागत किया। अधिवक्ता अभिषेक तिवारी टिंकू ने डिप्टी सीएम को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत डिप्टी सीएम ने सभी नेताओं व कार्यकताओं को धन्यवाद दिया। उसके बाद वह डाक बंगले में पधारे तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य महाराज के कमरे मे चले गए। करीब दस मिनट की मुलाकात के बाद डिप्टी सीएम ने महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर पुनः प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। डिप्टी सीएम के आने की सूचना पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित, एसडीएम विनोद कुमार पाण्डेय, सीओ मेजा विमल किशोर मिश्र, थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा, चौकी प्रभारी जेवनिया प्रदीप अस्थाना, चौकी प्रभारी कोहड़ार अखिलेश कुमार सिंह सहित भारी संख्या मे पुलिस टीम मुस्तैद रही। इस मौके पर पूर्व विधायक कलेक्टर पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर पाण्डेय, सिद्धांत तिवारी, सुशील मिश्रा, शिवदत्त पटेल, मांडवी शरण द्विवेदी, पप्पू उपाध्याय, अमरेश तिवारी, रिंकू ओझा, तनय पाण्डेय, विवेक मिश्रा, अश्विन दुबे, कृष्णदास उर्फ नाथु गुप्ता विकास तिवारी सहित भाजपा नेता व सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नाराज अधिवक्ताओ ने लगाए एसडीएम व एसओ कोरांव मुदार्बाद के नारे

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** तहसील मे व्यापक पैमाने पर चल रहे व राजनीतिक दबाव मे अधिवक्ताओ एव आम जनमानस के साथ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्य से नाराज अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को बार अध्यक्ष उमाकांत तिवारी के नेतृत्व मे सैकड़ो अधिवक्ता लामबंद होकर एसडीएम, एसओ कोरांव के प्रति मुदार्बाद का नारा लगाया। बता दे कि तहसील मुख्यालय कोरांव से लेकर थाना तक सिर्फ और सिर्फ दलालो का कार्य आसानी से हो रहा है वही आम जनमानस काफी भटक रहा है कोई प्रकरण तहसील दिवस का हो या फिर मुकदमे का अधिकारी या मोटी रकम की पेशगी करवाते है या फिर राजनीतिक दबाव मे आकर कार्य कर देते है जिससे नाराज अधिवक्तागण ने एसडीएम कोरांव योगेंद्र सिंहऔर एसओ धीरेन्द्र सिंह को दस सूत्रीय ज्ञापन दिया इस दौरान अध्यक्ष ने कहा एक सप्ताह मे कार्यवाही न किये जाने पर उच्चाधिकारियों से अधिवक्ता संघ मिलेगा और प्रकरण को अवगत कराते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहेगा जिसकी जिम्मेदारी आपकी होगी ,ज्ञापन मे मुख्य रूप से अधिवक्ता अरुण तिवारी के घर दौरान ड्यूटी बिना वर्दी गए सिपाही संदीप कुमार यादव व बीरेंद्र कुमार द्वारा उनके परिजनों व उनके साथ अभद्रता से बात करना व जान से मारने की धमकी देने के बाबत उक्त दोनों सिपाहियो के विरुद्ध तत्काल मुकदमा पंजीकृत किये जाने,सस्पेंड करने हेतु उच्चाधिकारियों को पत्रक भेजना, तहसील मे आरके के सीट

**दस सूत्रीय ज्ञापन देकर एक सप्ताह के अन्दर कार्यवाही करने की कही बात**

पर विगत दो माह से नए आरके की नियुक्ति न होना,एसडीएम पेशकार द्वारा अधिवक्ताओं की सीट पर जाकर अवैध धन उगाही करना, एक फाइल मे दो आदेश टाइप कराकर एक को पैसा मिलने के बाद हटा देना, पुलिस द्वारा आम जनमानस के साथ दुर्व्यवहार करना और राजस्व के मामलों मे पुलिस की निष्क्रियता,80(1)की फाइलों मे हल्का लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व एसडीएम के पेशकार द्वारा मोटी रकम लेकर रिपोर्टिंग करना, राजस्व निरीक्षक द्वारा बिना हकबन्दी वाद के स्थल पर पहुँचकर जमीन की पैमाइश कराकर पक्षो मे विवाद खड़ा कराना, फाट के मुकदमे मे समय से लेखपालों द्वारा फाट न दाखिल करना, एसडीएम द्वारा हर शिकायती पत्र पर आवश्यक कार्यवाही लिखना,कोटेदार मैलहा के विरुद्ध 30 से 40 बार तहसील दिवस मे दिए गए शिकायती पत्र के बाद भी उसके खिलाफ कार्यवाही न किये जाने से बार एशोसिएशन तहसील कोरांव के अध्यक्ष उमाकान्त तिवारी मंत्री कैलाश नाथ के नेतृत्व मे अधिवक्ता अरुण मिश्रा, हरी प्रसाद सिंह, विंध्यवासिनी शुक्ल, कृष्णा कांत पाण्डेय, योगेंद्र नाथ दुबे उर्फ राजू दुबे, शशिशेखर पाण्डेय, शशिकांत पाण्डेय,त्रिवेणी यादव,पवन सिंह,वेद प्रकाश प्रजापति, सुनील पाण्डेय,रवि प्रकाश तिवारी, मणि शंकर शर्मा, इंद्र प्रकाश पाण्डेय के साथ सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नैनी के दशहरे में एसपीओ की टीम चहुंओर रही मुश्तैद





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** के दशहरे में पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित क्षेत्र अधिकारी करछना अजीत सिंह चौहान नैनी थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा के आदेश अनुसार पुलिस प्रशासन के साथ लगाई गई नैनी थाने की नियुक्त की हुई एसपीओ यूथ टीम के सदस्यों ने मेले में क्षेत्राधिकारी करछना के साथ बड़ी बहादुरी से कई चोरों को पकड़ा और थाने तक पहुंचाया।आपको बता दे कि एसपीओ यूथ प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल के नेतृत्व में चलने वाली एसपीओ यूथ टीम हर समय पुलिस प्रशासन के साथ हर एक जनहित कार्य में अपना सहयोग प्रदान करती है और कल मेले में टीम के सदस्यों ने सीओ करछना और नैनी थाना प्रभारी के साथ पूरी रात मेले में भ्रमण कर शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करते रहे मेले के समापन तक क्षेत्राधिकारी करछना और नैनी थाना प्रभारी के साथ एसपीओ यूथ टीम सदस्य बने रहे।

# नैनी मे रामलीला के राम-दल ने बिखेरी अनोखी छटा

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** सार्वजनिक रामलीला समिति के द्वारा गुरुवार को भव्य रामदल निकाला गया ` रामदल का शुभारंभ समिति के मुख्य संरक्षक विनीत पांडेय, अध्यक्ष राकेश जयसवाल एवं महामंत्री नयन कुशवाहा ने भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी का वंदन, पूजन, आरती एवं नैवेद्य अर्पण कर किया` रामदल की अगुवाई रथ पर विराजित भगवान गणेश स्वयं कर रहे थे` उनके पीछे राम जी के परम प्रिय हनुमान जी रथ पर विराजित थे` वानर-राज सुग्रीव का वीरोचित दरबार लगा हुआ था` राधा-कृष्ण की झांकी, भगवान भवानी-शंकर की झांकी मन मोह रही थी` मां काली का स्वांग देखकर नैनी वासी रोमांचित हो रहे थे` कृष्ण- सुदामा की झांकी एवं नाटिका भक्ति रस की गंगा बहा रही थी` अन्य कलात्मक चौकियां भी अपने सुंदर प्रदर्शन से नैनी- वासियों को मोहित कर रहीं थीं` अत्यंत आकर्षक सुंदर रथ पर सवार मां सीता का दर्शन कर नैनी-वासी अपने को धन्य मान रहे थे।सबसे अंत में भगवान



राम, लक्ष्मण, हनुमान एरावत हाथी पर सवार होकर नैनी-वासियों को अपना आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे` बैंड -बाजे, ढोल-ताशे बज रहे थे। बच्चे नृत्य कर रहे थे` बालक, युवा, वृद्ध, नर-नारी सभी आनंदित थे`रामदल का स्वागत जगह-जगह पर स्थानीय नागरिकों के द्वारा पुष्प-वर्षा कर किया गया` लोगों ने बड़े भाव से भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी की आरती की। जय श्री राम के जयकारों से नैनी गूंज उठा`रामदल रामलीला स्थल से प्रारंभ होकर जीत लाल चौराहा, शनि मंदिर, काटन मिल, अरैल मोड़, शंकर ढाल, शंकर ढाल बाजार, हनुमान नगर, मिजार्पुर रोड, सब्जी मंडी, अशोक टॉकीज से होते हुए रामलीला स्थल पर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य संरक्षक विनीत पांडेय, अध्यक्ष राकेश जायसवाल, महामंत्री नयन कुशवाहा, कोषाध्यक्ष दिलीप केशरवानी, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, आकांक्षा जायसवाल, प्रमोद सिंह, योगेश सिंह, नरसिंह, पवन यादव, गुरु प्रसाद राव, धीरेंद्र यादव, गुड्डू पांडेय, सौरभ पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय, रणविजय सिंह, राजकुमार कुशवाहा, प्रदीप मिश्रा अंशुमन, वीरेंद्र शर्मा, शिव शंकर मिश्रा, हिमांशु पांडेय, शालू चड्ढा, अंजुम नाज, भूमि जायसवाल, राकेश श्रीवास्तव, सुशील चड्ढा, दिनेश केसरवानी, सुरेश पटेल, अरविंद पटेल सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे` वही रामदल में कटर मील चौराहे के पास समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष चेयरमैन अरवल बिहार ने रामदल को जोरदार स्वागत किया सारे पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया।

### श्रीराम रामलीला में नगर दर्शन एवं पुष्प वाटिका आयोजन

**नैनी।** छोटा चाका के समीप दुर्गा मैरिज हाल मे गुरुवार को श्री राम रामलीला का दूसरे दिन पूजा आरती के साथ रामलीला का आयोजन हुआ। श्री राम रामलीला मे पहले दिन मुनी आगमन, ताड़का वध, मारीच सुबाहू वध व अहेला उद्दार किया गया था। रामलीला का दूसरा दिन शुक्रवार को नगर दर्शन एवं पुष्प वाटिका का कलाकरो द्वारा रामलीला का आयोजन हुआ। जिसको देखकर मौजूद लोगो ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। श्री राम रामलीला मे नीरज द्विवेदी, सुनील द्विवेदी, संचालन मंजू द्विवेदी, सुबेदार द्विवेदी, बब्लू तिवारी, सीट्टू मिश्रा, दिलीप कुशवाहा, लवकुश कुशवाहा, धर्मेन्द आदि लोग मौजूद रहे है।

# नगर पंचायत सिरसा में मिलावटी नमकीन बनाने की अवैध मिनी फैक्ट्री का धड़ल्ले से चल रहा कारोबार !

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र नगर पंचायत सिरसा बाजार में कई वर्षों से बेखौफ होकर मिलावटी नमकीन का कारोबार दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। राज्य सरकार के सख्त आदेशों का अवैध नमकीन कारोबारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। कहीं हद तक खाद्य एवं रसद विभाग भी जिम्मेदारी होता है। सूत्रों बताते हैं कि नमकीन कारोबारियों से कहते हुए सुना जा सकता है कि महीना बना हुआ है इसलिए हम पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। यह आम चर्चा भी होती रहती है इसलिए कोई कार्रवाई नहीं होती हैं। नगर पंचायत सिरसा बाजार में कई स्थानों मिलावटी नमकीन बेखौफ होकर चला रहे हैं। उसका तो लाइसेंस भी नहीं बना हुआ है सिरसा बाजार में अवैध नमकीन कारखाने चलाए जा रहे जिससे राजस्व विभाग को प्रतिवर्ष



लाखों का चूना लगाया जा रहा है। इसके साथ-साथ गंदगी मक्खियों मच्छरों का झुंड बना रहता है इस से बनने वाले व बनाने वाले से लेकर आने वाले लोगों तक के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। नमकीन बनाने में जो सामग्री प्रयोग होता है वह बहुत ही घटिया बहुत ही घटिया किस्म का होता है चावल की कनकी चोकर, मैदा ,हल्दी ,मसाला और लोजपा लूज पामोलिन का प्रयोग किया जाता है। इसके बावजूद खाद्य और रसद विभाग आंखें मूंदे बैठा है। चंद आम आदमी के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगो का आरोप है कि खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी जानते हुए इसकी जांच नही कर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के मिलीभगत से यह धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करके छोड़ दिया जाता हैं। डॉक्टरों की माने तो इस तरह की खराब और मिलावटी नमकीन सेहत के लिए बेहद हानिकारक हैं। डॉक्टरों के मुताबिक घटिया तेल के कमी समाग्री खाने पर लिवर व किटनी पर बहुत बुरा असर पड़ता हैं। और तो और इस तरह की घटिया नमकीन खाने से कैंसर जैसी घातक बीमारी भी हो सकता है। डॉक्टरों के मुताबिक जिन नमकीन में कलर की बहुत अधिक इस्तेमाल हो बच्चों के लिए बेहद हानिकारक है। इन्हें खाने से बच्चों को न्यूरोलॉजीकल समस्याए हो सकती हैं।

# भ्रष्ट्राचार के आरोप में उचित दर विक्रेता अल्हवा की दुकान हुई निलंबित

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** तहसील कोरांव अंतर्गत ग्राम पंचायत अल्हवा लाल बहादुर पाल की दुकान अर्थात कोटा भ्रष्ट आचार और अनियमितता बरतने के आरोप में उप जिलाधिकारी कोराव ने निलंबित कर दिया है। बता दें कि उक्त कोटेदार अल्हवा पर कार्ड धारकों का फिंगर लगवा कर खाद्यान्न न दिए जाने तथा मनमानी किए जाने की शिकायत हुई थी। जिस पर एसडीएम द्वारा गठित जांच टीम की रिपोर्ट पर निलंबित कर दिया गया। उक्त कोटेदार के विरुद्ध कुछ मांह पहले ही एसडीएम ने शिकायतोप्रांत जांच में कमी पाये जाने पर अनुबंध राशि सासन के पक्ष में जब्त की गई थी,और भविष्य में गलती किए जाने की चेतावनी दी थी। फिर भी सुधार नहीं लाया। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम योगेंद्र सिंह ने खंड विकास अधिकारी कोराव और अदपूर्ति अधिकारी कोराव की टीम गठित कर दी थी। जिसमें गांव में जांच टीम ने जांच की और लोगों के बयान लिए। टीम की रिपोर्ट पर एसडीएम ने डीएम से अनुमति लेकर निलंबित कर दिया। कोटेदार द्वारा संतोष जनक ढंग से लगे आरोप पत्र का जवाब नहीं दे पाया। अग्रिम कार्यवाही जारी है। दुकान को ग्राम जमुआ धूंस की दुकान में अटैच कर दिया गया है। ग्राम प्रधान ने और ग्रामीणों ने एमडीएम का खाद्यान्न भी हेरा फेरी कर लिए जाने पर कार्यवाही हेतु लिखा पढ़ी की थी। उसे सह देने वाले एक अध्यापक के भी विरुधग्राम प्रधान अल्हवा ने कार्यवाही की है। जिसकी सूचना बीएसए प्रयागराज को दिगाई है।

# विकास धनराशियों के दुरुपयोग का सुहास ग्राम प्रधान पर लगा आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा।** एक ओर जहां सरकार द्वारा गांवों के चतुर्दिक विकास हेतु पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार हैं कि योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के बजाय सरकारी विकास निधियों का बंदरबांट करने में तुले हुए हैं। ऐसा ही एक मामला विकास खण्ड मेजा स्थित सुहास गांव का प्रकाश में आया है। सुहास गांव निवासी शिकायत कर्ता अनुभव प्रकाश सन्त पुत्र हरि शंकर ने ग्राम पंचायत प्रधान पर विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए डीएम प्रयागराज को शिकायती पत्र सौंप जांच व कार्यवाही की मांग किया है। शिकायत कर्ता के आरोपों पर गौर करें तो ग्राम प्रधान बिना काम कराये ही शिव मोहन के घर से धर्मराज के घर तक इंटरलाकिंग के कार्य हेतु 123894 रुपए 12 दिसंबर 2021 को निकाला गया और काम नहीं कराया। और तो और पुनः उपरोक्त इंटरलाकिंग कार्य हेतु नाम धर्मराज की जगह धरराज नाम बदलकर 88015 रुपए मटेरियल के नाम 25904 रुपए मिस्त्री व मजदूर के नाम अपने ही भाई सुनील कुमार के नाम धन आहरित किया गया। उपरोक्त दोनों इंटरलाकिंग कार्य एक ही है केवल नाम बदलकर धन का दुरुपयोग किया गया है। नंद लाल के खेत से रत्यौरा संपर्क मार्ग तक पक्की नाली निर्माण हेतु 135616 रुपए निकाला गया और मौके पर कोई

**बिना काम कराये ही निकाली गई इंटरलाकिंग कार्य पक्की नाली निर्माण हैण्ड पम्प रिबोर की भारी धनराशि**

भी निर्माण कार्य नहीं कराया गया। गांव निवासी राम सागर के घर के बगल हैण्ड पम्प रिबोर के नाम पर 52052 रुपए , शोभनाथ के घर के बगल हैण्ड पम्प रिबोर के नाम 52052 रुपए तथा सदानंद के घर के पास हैण्ड पम्प रिबोर के नाम 52052 रुपए आहरित किया गया और काम नहीं कराया गया। उक्त के अलावा भी तमाम विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए सरकारी धन गबन किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई। मामले में डीएम ने जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी प्रयागराज/ नोडल अधिकारी मेजा को जांच अधिकारी नामित करते हुए बहरिया ब्लाक में तैनात अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को मूल्यांकन हेतु सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया। मामले में गठित टीम द्वारा 17 सितंबर 2022 के जिलाधिकारी प्रयागराज के आदेश को समयांतर्गत जांच न करके आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है। फिलहाल जांच कार्यवाही से बचने के लिए ग्राम प्रधान ने आनन-फानन में गठित टीम की सह पर कार्य कराना शुरू कर दिया गया है जो भी जांच का विषय है। मामले को लेकर शिकायत कर्ता ने पुनः डीएम प्रयागराज को शिकायती पत्र देकर समुचित जांच व कार्यवाही किए जाने की मांग किया है।

# निर्माणपरक कार्यों में गुणवत्ता से न हो कोई समझौता: डीएम

## डीएम ने परियोजनाओं व कार्यों की किया समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों, 50 लाख रुपए से अधिक लागत की परियोजनाओं एवं कार्यो के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी।

समीक्षा में परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला, डीसी एनआरएलएम एन0एन0 मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह सहित सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि



समीक्षा बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

उपस्थित रहे। मनरेगा की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी डीसी मनरेगा को निर्देशित किया किया ऐसे गांवों का चयन किया जाये जिसमें मनरेगा योजना की धनराशि का कनवर्जन करके तालाब, नाली, खड़न्जा तथा अन्य कार्य कराकर उन्हें मनरेगा गांव के रूप में चिन्हित किया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुये गतवर्ष के अपूर्ण आवास 15 दिनों के अन्दर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। राजकीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुये विकास खण्ड कुण्डा एवं कालाकांकर में समूह गठन के खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि इस विकास खण्ड में अभियान चलाकर लक्ष्य की पूर्ति करायें ताकि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि वर्ष 2020-21 में 7 निमार्णाधीन परियोजनाओं को प्रत्येक दशा में 15 अक्टूबर तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# भरत मिलाप के लिये सज-धजकर तैयार खड़ा है चौक घंटाघर

## इस बार तिरंगी रोशनी में होगा भरत मिलाप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शनिवार की भोर में भरत मिलाप जिस चैक स्थित घंटाघर पर होगा, वह सजधज कर तैयार होकर चारों दिशाओं में शुक्रवार की रात तिरंगी रोषनी बिखेर रहा है। इसी चौक घंटाघर पर 14 वर्षों से बिछड़े राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन शनिवार की भोर में मिलेंगे जिसके साक्षी होगे जिले के आला अधिकारी, जनप्रतिनिधि, नगरवासी तथा आसपास जिले से आए हजारों श्रद्धालु। इस भरत मिलाप के अवसर को सफल बनाने के लिये प्रषासन एवं रामलीला समिति एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। पूरे मेला क्षेत्रों को जोनों में बांटा गया है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिये भारी मात्रा में पुलिसजन तैनात किये गये। बता दें कि भरत मिलाप के लिये बाहर से भी फोर्स आई है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा का बंदोबस्त किया गया है। रामलीला समिति के प्रमुख दल राम दल, भरत दल, हनुमान दल व लवकुष दल के लगभग 30 आकर्षक झांकियां आधी रात के बाद निकलना शुरू हुई है जिसकी आकर्षक कलाकृतियों का पूरी रात नागरिक आनंद उठाएंगे।



रोशनी से नहाया चौक घंटाघर।

# उर्से अतीकी रहमतउल्लाह अलैह में हुई चादरपोशी, मुल्क की तरक्की के लिए मांगी गयी दुआ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुननवी में शुक्रवार को चार रोजा पन्द्रहवें उर्से अतीकी रहमतउल्लाह अलैह में अकीदतमंदों का भारी जमावडा दिखा। उर्स की शुरूआत साहबे सज्जादा हजरत मौलाना मो. रहमानी मियां की कयादत में अतीक साहब की पाक मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी के बीच हुई। मुल्क की सलामती तथा आपसी भाई चारे व कौमी तरक्की के लिए यहां जुटे हिन्दू मुसलमान की भारी तादात ने पाक मजार के सामने दुआएं मांगी। अतीक साहब को चाहने वाले बडी संख्या में बूढ़ों बच्चों व महिलाओ तथा इलाकाई लोगों के अलावा जिले व अगल बगल के जिलों से भी उर्स में शामिल होने आये लोगों ने इल्म तथा तालीम को लेकर अतीक साहब की लम्बी सेवाओं को नजीर ठहराया।

हजरत मौलाना रहमानी मियां ने लोगों से मेल मोहब्बत के रास्ते पर चलते हुए इंसानियत के पैगाम को खूबसूरत बनाये रखने की अपील की। उर्स में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने शामिल होते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से अतीक साहब की मजार पर चादरपोशी की। उर्स में बेलाल रहमानी, मतलूब खॉन, सभासद मो. मोकीम, अब्दुल लतीफ खान, छोटे लाल सरोज, नियाज बाबुरी, इरसाद खान, दानिश खान, अहमद रजा, जियाउल खान, हाफिज शोएब खान, सैफ खान, वकार अहमद, गुडडू प्रतापगढ़ी, वसीम खान, आबिद रजा, बाबर खान, हलीम बाबा खान, शकील खान, विनय पाण्डेय, सौरभ त्रिपाठी आदि ने भी अतीक साहब की नेकी को याद किया।

## आरोपियों के खिलाफ वन सम्पदा अधिनियम का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चोरी से आरामशीन के संचालन को लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कालाकांकर वन प्रभाग के वीट प्रभारी जगदीश यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पचीस सितंबर को औचक निरीक्षण में जेवई के राहुल सिंह को चोरी से आरामशीन का संचालन करते पाया गया। आरोपी के खिलाफ वीट प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। वहीं वीट प्रभारी जगदीश की तहरीर पर लालगंज के हिरऊ का पुरवा निवासी राजाराम यादव, बेलहा के मुन्नालाल की पत्नी द्रोपदी, मुबारकपुर थाना उदयपुर के दयाराम तथा रामपुर कसिहा के श्यामकली व विरसिंहपुर के अजय यादव के खिलाफ भी वन संपदा अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।


# कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए वोट मांगेंगे प्रमोद

## खड़गे के चुनाव प्रचार में राज्यसभा सदस्य के अहम राज्यों में चुनाव प्रचार की मिली जिम्मेदारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हो रहे चुनाव में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को मल्लिकार्जुन खडगे के चुनाव प्रचार अभियान समिति में उत्तर भारत की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उत्तर भारत में चुनाव प्रचार करेंगे। वही नामांकन में भी प्रमोद तिवारी को महत्वपूर्ण प्रस्तावकों में शामिल किया गया था।

उत्तर भारत के राज्यों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, दिल्ली, हिमांचल प्रदेश, उत्तरांचल, पंजाब, हरियाणा में लोकसभा व विधानसभा चुनावों में प्रमोद तिवारी की अच्छी मजबूती को देखते हुए पार्टी ने उन्हें स्टॉर प्रचारक भी बनाती आ रही है।



प्रमोद तिवारी।

उत्तर भारत में भी कांग्रेस संगठन मे कार्यकताओं व पार्टी नेताओं के बीच राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी की पकड मजबूत मानी जाती है। राज्यसभा मे नेता प्रतिपक्ष रहे मौजूदा पार्टी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ राज्यसभा मे भी पार्टी की रणनीतियों को अंजाम देने में प्रमोद तिवारी की खड़गे के साथ नजदीकी भी इस अहम जिम्मेदारी को कार्यकर्ता मजबूत आधार मान रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे के संगठनात्मक चुनाव प्रचार अभियान की कमान उत्तर भारत में प्रमोद तिवारी को मिलने से यहां समर्थको के साथ ही सियासी गैलियारो में कांग्रेस सांसद के पार्टी के अंदर बढे कद के रूप में भी चर्चा होती दिखी।शुक्रवार को इस बात की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष के पद के चुनाव प्रचार में उत्तर भारत के राज्यों में प्रमोद तिवारी निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों के बीच इस समय नई दिल्ली में बने हुए हैं। वहीं तिवारी के साथ दक्षिण के राज्यों की कमान मल्लिकार्जुन खडगे की जीत तय करने के लिए रमेश चेनेथला, पश्चिमी राज्यों में दीपेन्द्र हुडडा, पूर्वोत्तर भारत के राज्यों मे गौरव बल्लभ को जिस तरह अहम जिम्मेदारी मिली है उससे पार्टी के शीर्ष नेताओं में प्रमोद तिवारी के केन्द्र बिंदु मे मजबूत होने को लेकर प्रतापगढ़ खासकर रामपुर खास के कांग्रेसियों का उत्साह देखा गया।

# विशेष कक्षाओं से कमजोर छात्र-छात्राओं का होगा उपचार

## राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में होगा आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं माध्यमिक शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9 से 12 के छात्र छात्राओं को अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं जीव विज्ञान आदि विषयों की विशेष कक्षाएं यानी उपचारात्मक कक्षाओं के माध्यम से कमजोर छात्र छात्राओं को शिक्षा प्रदान की जाएगी।

विद्यालय में सभी अध्ययनरत सभी विषयों के छात्र छात्राओं कद्य मूल्यांकन करके प्रत्येक विषय के कमजोर छात्र छात्राओं को चिन्हित किया जाएगा। एक अक्टूबर 2022 से लेकर 84 दिनों के भीतर 15 जनवरी 2023 तक विशेष शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षण



प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षकगण।

प्रदान किया जाएगा। इन विशेष प्रशिक्षण कक्षाओं को शासन स्तर पर निरीक्षण किया जाएगा। जिला स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, मंडल स्तर पर संयुक्त शिक्षा निदेशक, इसकी समीक्षा एवं निरीक्षण करेंगे। साथ साथ जिले स्तर पर उत्कृष्ट विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम बनाकर विशेष कक्षाओं का निरीक्षण किया जाएगा। कमजोर छात्र छात्राओं की प्रोफाइल संबंधित विषय के शिक्षकों के माध्यम से बनानी होगी। इस अवसर पर मुकेश सिंह जनपद के नोडल विशेष प्रशिक्षण अधिकारी ने विशेष कक्षाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर डॉक्टर मोहम्मद अनीश आयोजक के रूप में प्रभारी प्रधानाचार्य बृजेश कुमार मिश्रा रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर नसरत अली, अरविंद सिंह, अशोक मौर्य, रंजीता गुप्ता, तनवीर फातिमा, करिश्मा खान, राजेंद्र यादव, अशोक कुमार, संतोष गुप्ता, सारिका गुप्ता, बंसीलाल, अमरनाथ, उमेश कुमार, रंजन प्रताप, कविता मिश्रा, बबलू सरोज, सीमा तिवारी, एवं अन्य 41 विद्यालय स्तर के नोडल प्रभारी उपस्थित रहे।

## बोलेरो चोरी पर अज्ञात के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत की बाजार से बोलेरो चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय जगत निवासी रामफल के पुत्र अंकित विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती छः सितंबर को रात उसकी बोलेरो नेशनल हाइवे से अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। बोलेरो चालक मिथुन गुप्ता बोलेरो वाहन स्वामी से मांग कर कहीं ले गया था। चालक ने बताया कि हाइवे के किनारे उसने किराये का मकान ले रखा है। घटना की रात वह बोलेरो खडी कर सो गया था। चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# मूसलाधार बारिश से लबालब हुई रेलवे लाइन

## आठ घण्टे फेल रहा सिग्नल, यात्री हुए परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बीती रात हुई तेज मूसलाधार बारिश ने रेल प्रशासन की जल निकासी की कलई खोल कर रख दी, जिसका नतीजा यह रहा कि रेलवे लाइन पानी में डूब गई। जिस कारण से सिग्नल सिस्टम पूरी तरह से ध्वस्त हो गया जो करीब आठ घण्टे तक बेकार रहा। इसका असर ट्रेनों के संचालन पर पड़ा।



रेलवे स्टेशन पर बारिश से डूबा रेलवे ट्रैक।

उनकी लेटलतीफी से यात्रियों को दिक्कतें आई। लापरवाही यहीं पर नहीं दिखाई दी, प्लेटफॉर्म की छतों से पानी दफ्तरों और यात्रियों पर गिरना शुरू हो गया। लाबी, आरक्षण कार्यालय में पानी की मोटी धार गिरने लगी। प्लेटफॉर्म के शेड में जगह जगह होल होने से बरसात का पानी यात्रियों को भिगो रहा था। यात्रियों का आरोप है कि कमीशन के चक्कर में सारे उल्टे सीधे काम स्टेशन पर होते हैं। जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है। सामान्य वेटिंग हाल में फर्श पर पानी फैला था। यात्री सामान समेटने में लगे थे। एसएस ने बताया कि बारिश का पानी ट्रैक में घुस गया था। रात साढ़े आठ बजे से सिग्नल फेल हो गया था। गुरुवार को भोर में तड़के करीब चार बजे दुरुस्त हो सका।

# तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास व तोडफोड का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ महिला को घर मे घुसकर जान से मारने की नीयत से हमले की घटना में हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। कोतवाली के विरसिंहपुर निवासी राजकुमार की पत्नी हिना यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि तीस सितंबर को सुबह विपक्षी उसके दरवाजे लाठी डंडे से लैस होकर हमलावर हो उठे। गांव के सुनील यादव, प्रकाश यादव व राजेश ने पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज के साथ उसे मारने पीटने लगे। पीडिता जान बचाने के लिए घर मे घुस गयी तो वहां भी आरोपियो ने लाठी डंडे से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पीडिता चोट अधिक लगने के कारण बेहोश हो गयी। तब आरोपी घरेलू सामानों मे तोडफोड कर जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर पर सुनील यादव समेत तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास, घर मे घुसकर मारपीट, तोडफोड व धमकी आदि का केस दर्ज किया है।

# भंगवा रेलवे क्रासिंग पर अब घंटों जूझने के लिए रहिए तैयार

## डाउन साइड से आने वाली ट्रेनों के समय होगी दिक्कत, लगेगा लंबा जाम

### जगेसरगंज में ट्रेन होगी तभी बंद हो जायेगा फाटक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ रिमॉडलिंग ने रेलवे स्टेशन यार्ड का लुक ही बदल दिया। काफी सारी सहूलियतें भी मिली हैं। प्लेटफार्म की संख्या में इजाफा हुआ है। साथ ही साथ एक और दो की लम्बाई भी बढ़ाई गई हैं। रेलवे ने अच्छा काम किया है। इसमें कोई शक नहीं है लेकिन भंगवा और उससे जुड़े दर्जनों गांव के अलावा पूर्वी सहोदरपुर में रहने वालों के लिए फाटक की डगर अब आसन नहीं रहेगी। क्योंकि अब यहां का फाटक ट्रेन के आने के घंटे भर पहले ही बंद कर दिया जायेगा। इससे लंबा जाम लगेगा। जिससे निकलना आसान नहीं होगा। हालांकि यह दिक्कत डाउन साइड से आने वाली ट्रेनों के समय ही आएगी। लेकिन तब तक काफी देर हो जायेगी। इसको इस तरह से समझिए चिलबिला साइड से प्रतापगढ़ आ रही ट्रेन जगेसरगंज और खुंदौर पहुंचेगी तभी यहां का गेट खुद लॉक हो जायेगा। उसके जाने के बाद ही खुलेगा। सूत्रों के अनुसार रिमॉडलिंग के बाद रेलवे लाइन की लम्बाई बढ़ जाने से यह स्थिति हुई है। अभी तक डाउन साइड से आने वाली ट्रेन प्रतापगढ़ से छूटने वाली होती थी। उस समय फाटक बंद होता था। सेकेंडों इंतजार के बाद खुल भी जाता था। जिसमें लोगों को कम इन्तजार करना पड़ता था। समय की भी बचत हो जाती थी। लोग आसानी से पहुंच भी जाते थे। मगर अब ऐसा नहीं होने वाला है। ट्रेन जगेसरगंज और खुंडौर आएगी

### ओवर ब्रिज न बनने से लोगों की मुश्किलें बढ़ी

उसी समय गेट बंद हो जायेगा। इसमें कम से कम एक घंटे का समय लग सकता है। जिसमें स्कूल,दफ्तर, रोजमर्रा के काम के लिए निकले सैकड़ों लोगों को अब रोज फाटक पर लगने वाले लंबे जाम से जूझना पड़ सकता है। एक ट्रेन पास करने में इतना जूझना पड़ रहा है। अगर एक से अधिक रहेंगी तो घंटों लग सकता है।जानकर बताते हैं कि हालांकि सेफ्टी के लिहाज से हर जगह ऐसा ही होता है। रिमॉडलिंग के बाद प्रतापगढ़ में भी यह सिस्टम लागू हो गया है। बनारस और प्रयागराज अप साइड से आने वाली ट्रेनों के समय फाटक पर यह दिक्कत नहीं आएगी।

## गहमागहमी के कारण कोटे की दुकान का चुनाव टला

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक के अर्न्तगत पूरे गजई गांव में सरकारी गल्ले की दुकान के चयन का मामला कहासुनी और बढते विवाद को लेकर शुक्रवार को भी टल गया। हालांकि अफसरो ने दुकान के चयन के लिए खुली बैठक बुलाए जाने को लेकर अगली तिथि इक्तीस अक्टूबर नियत की है। भारी फोर्स के साथ ब्लाक से चुनाव कराने गांव पहुंचे एडीओ कोऑपरेटिव आजाद सिंह एडीओ पंचायत प्रवीन कुमार तथा एडीओ आईएसबी उदयभान ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल कुमार के साथ गांव पहुंचे। एहतियातन महेशगंज एसओ प्रमोद सिंह भी फोर्स के साथ गांव मे मौजूद रहे। दुकान के चयन की प्रक्रिया को लेकर आपस मे लोगों के बीच कहासुनी होने लगी। इसे लेकर वहां गहमागहमी बढ़ता देख अधिकांश लोग मौके से हट गये। इस पर ग्रामीणों ने अफसरों से चुनाव प्रक्रिया स्थगित करने की मांग रखी। मौके की नजाकत देख एडीओ आजाद सिंह ने चुनाव तिथि इक्तीस अक्टूबर घोषित कर माहौल को शांत कराया।

# आवासीय योजना में अनियमितता की शिकायत की जांच को लेकर हडकंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आवासीय योजना में अनियमितता बरते जाने की शिकायत की जांच करने शुक्रवार को अफसरो के गांव पहुंचने पर हडकंप मच गया। लोकायुक्त के निर्देश पर आवासीय योजना में गडबडी की हकीकत खंगालने जिले के एडीएम अचानक दोपहर गांव पहुंचे। लक्ष्मणपुर विकास खण्ड के कटैया नेवादा गांव निवासी सुरेश प्रताप सिंह पुत्र जगदीश प्रताप सिंह ने लोकायुक्त को शिकायत भेजकर गांव में तीन सौ बहत्तर आवंटित आवासों में अपात्रों को भी आवास दिये जाने की अनियमितता की बात कही है। शिकायतकर्ता ने शिकायत में आवासों को लेकर जिम्मेदारों के द्वारा मिलीभगत कर करोडो की सरकारी धनराशि में घपले का भी गंभीर आरोप जड़ा है। शिकायत पर शुक्रवार को एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा प्रशासनिक टीम के साथ गांव में जांच करने पहुंचे। एडीएम ने प्रधानमंत्री तथा लोहिया एवं इंदिरा आवास को लेकर लाभार्थियों के बीच गांव मे पूछताछ की। गांव की रेखा देवी, दिलीप, मेवालाल आदि के आवासों का भी सत्यापन किया गया। वहीं एडीएम ने पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मनरेगा पार्क, होम्योपैथिक अस्पताल तथा प्राथमिक विद्यालय का भी औचक दौरे मे निरीक्षण किया। जांच को लेकर लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर भारी फोर्स के साथ गांव में मौजूद रहे। वहीं जांच के दौरान खण्ड विकास अधिकारी लक्ष्मणपुर अपर्णा सैनी, थानाध्यक्ष विनीत उपाध्याय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी आलोक पाण्डेय आदि रहे। औचक जांच को लेकर जिले के एडीएम के साथ भारी भरकम प्रशासनिक टीम की गांव मे मौजूदगी को लेकर हडकंप मच गया दिखा।

## चलती एंबुलेंस में बच्ची की गूंजी किलकारी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काला काकर के अंतर्गत चन्देलन का पुरवा परियावां में पूजा देवी पत्नी राकेश सिंह (25) वर्षीय को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने पर गाँव की आशा उषा देवी ने लगभग साढ़े गयारह बजे सुबह 102 एम्बुलेंस गाड़ी को फोन किया। मौके पर पहुँची एम्बुलेंस यूपी 41 जी 2166 चन्देलन का पुरवा गाँव पहुंची और गर्भवती पूजा को लेकर ए एन एम सेंटर केरावडीह लिए रवाना हुई रास्ते में पूजा देवी को प्रसव पीड़ा असहनीय होने पर इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन दिनेश कुमार व पायलट वीरेंद्र व आशा बहु ऊषा की मदद से एंबुलेंस को खड़ी करके सुरक्षित प्रसव कराया पूजा के लड़की पैदा होने पर एएनएम सेंटर केरावडीह में भर्ती कराया गया जहां पर जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

## खबर संक्षेप

### मेला देखने गई बालिका लापता

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के शहजाद पुर गांव के मिश्राना टोला निवासी एक बालिका उम्र लगभग 18 वर्ष 5 अक्टूबर को सहजादपुर दशहरा मेला देखने गई थी लेकिन वह मेला देखकर वापस घर नहीं लौटी है जिससे परिजन परेशान हो उठे हैं 2 दिन से लगातार बालिका को परिजन खोज रहे हैं लेकिन कहीं पता नहीं चल सका है जिस पर उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी है मेले से बालिका कहां गायब हो गई है इस बारे में परिजन भी कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

### हाईटेंशन तार से एक व्यक्ति झुलसा

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के रिजवी कालेज के पास हाईटेंशन तार टूट कर गिर गई है जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया है झुलसे व्यक्ति को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है बिजली विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ है, हाई वोल्टेज तार में जगह जगह पर जोड़ है जिसके चलते हादसा हुआ है।हादसे में अधेड़ गालिब हुसैन पुत्र इम्तियाज हुसैन रहीमपुर मोलानी थाना करारी झुलस गए है।जिन्हे घायल अवस्था में जिला अस्पताल भेजा गया जहा से उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया।

# विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की सीडीओ ने की प्रगति की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ उदयन सभागार में विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को नवनिर्मित गौशालाओं में निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के निर्देश देते हुए कहा कि गोवंशों का शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने पशुओ के टीकाकरण में भी प्रगति लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में आ रहीं समस्याओं का निस्तारण करते हुए तेजी से प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने डी0पी0आर0ओ0 से कहा कि गॉवों में प्रचार-प्रसार करवाकर आमजन को जागरूक किया जाय कि वह सर्प के काटने पर तुरन्त सी0एच0सी0/ पी0एच0सी0 व जिला अस्पताल ले जायें। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत सत्यापन करवाकर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि खण्ड शिक्षाधिकारियों एवं ए0डी0ओ0 (पंचायत) के साथ बैठक कर शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाय। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहनें पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दियें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नई सड़कों का निर्माण/चौड़ीकरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित आदि योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।



बैठक को संबोधित करते सीडीओ



बैठक में उपस्थित विभाग के अधिकारी

## न्यूज झरोखा

### डिप्टी सीएम के आदेश पर सीडीओ ने कशिया पश्चिम में लगाई चौपाल



**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के कशिया पश्चिम ग्राम में शुक्रवार को सीडीओ ने चौपाल लगाई है ग्राम प्रधान पंचम चौधरी, आदेश चौधरी अपने समस्त अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ चौपाल में ग्रामीणों से समस्याओं के बारे में उन्होंने जानकारी ली जिसमें विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन,वृद्ध पेंशन, व बारिश में गिरे कच्चे मकान की रिपोर्ट लेखपाल के द्वारा रिपोर्ट देने के पश्चात डी पी आर ओ को निर्देश दिए की लोगों को आवास दिये जाय व ग्राम की सभी विधवाओं को पेंशन मुहैया करवाने के आदेश जारी किया कार्यक्रम के शुरुआत में ग्राम प्रधान सहित तमाम लोगों ने मुख्य विकास अधिकारी वा अन्य अधिकारियों को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम में भ्रमण कर गांव की गलियों का निरीक्षण कर जल निक्काशी व नाली निर्माण का आदेश डी पी आर ओ को दिया वही राजस्व टीम के साथ अस्पताल की जमीन की पैमाइश की और लेखपाल के द्वारा रिपोर्ट आने के बाद अस्पताल निर्माण का कार्य भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए पानी टंकी की जमीन का निरीक्षण करने के बाद जल्द ही बोर कराने के लिए जल निगम के अधिकारी को निर्देशित किया जिससे हर घर जल हर घर नल के तहत ग्रामिणों को पानी मिल सकें मौके पर बीएसए, बी डीओ, समाज कल्याण अधिकारी ए डीओ पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी सतीश चौधरी व राजस्व कर्मचारी रियाज अहमद लेखपाल, शिव बहादुर पूर्व प्रधान, अभिषेक त्रिपाठी भानू उपाध्याय ठा.बाबूलाल सिंह, सुभाष चौधरी व ग्राम के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में सभी लोगों की समस्याएं सुनीं

### निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें विद्यालयों तक पहुंचाने हेतु किया अनुरोध



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक महामंत्री मदन कुमार यादव की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा मूरतगंज की बैठक शुक्रवार को सम्पन्न हुई बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह को बुके देकर औपचारिक मुलाकात की मुलाकात के दौरान महामंत्री द्वारा शिक्षको की समस्याओं को अवगत कराया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए आश्वासन दिया गया। संगठन मंत्री जिज्ञासु रवि द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें बी आर सी मूरतगंज से वितरण हेतु विद्यालयों तक पहुंचाने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शीघ्र ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों को विद्यालयो तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर संरक्षक राकेश तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो सालिम, कोषाध्यक्ष डा अश्वनी कुमार, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार, मीडिया प्रभारी जगदीप, श्रीमती ममता देवी, श्रीमती अंजू देवी, श्री मती मोना सिंह सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

### बुजुर्गों के लिए आयुर्वेद 'हर दिन हर घर आयुर्वेद'



**कौशाम्बी।** आयुर्वेद कार्यक्रम के अंतर्गत 'क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी' डॉ अनीता सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार दशहरे के दिन सरसवां ब्लाक स्थित 'अंधावां' गांव में बुजुर्गों के साथ 'राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय' पश्चिम शरीरा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.बी.एम.त्रिपाठी के द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें बुजुर्गों को स्वस्थ दिनचर्या,ऋतुचर्या,आहार-विहार एवं रसायन औषधियों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आयुर्वेदिक चिकित्सा लेने का आग्रह किया गया। गौरतलब है कि डॉक्टर बी.एम.त्रिपाठी आयुर्वेद में एम.डी. हैं और कौशांबी में घर-घर आयुर्वेद के प्रचार प्रसार के लिए निरंतर सक्रिय हैं।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रिक्त सीट पर प्रवेश के लिए करें आवेदन

**कौशाम्बी।** प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिराथू ने अवगत कराया है कि जनपद के समस्त ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ चरण में कोई सीट आवंटित नहीं हुई है, वे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू में व्यवसाय स्विंग टेक्नोलाजी में (20) तथा कम्प्यूटर एडेड इम्ब्राइडरी में (41) सीट महिलाओं के लिए अभी रिक्त है। उन्होंने बताया है कि प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 14 अक्टूबर 2022 रात्रि 12:00 बजे तक आवेदन कर सकतें हैं।

# 15 वर्ष बाद भी गायब रसीद बुक को नहीं खोज पाए नगर पंचायत के अधिकारी !

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की बात करने वाले अधिकारी किस तरह से भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के साथ शामिल है इसका जीता जागता उदाहरण देखने के लिए आपको नगर पंचायत चायल चलना होगा जहां जलकल मूल्य की तीन रसीद बुक 15 वर्ष पूर्व गायब कर दी गई हैं इन रसीद बुकों के गायब होने के बाद लाखों के फजीर्वाड़े की आशंका है।

इस बात का खुलासा 15 वर्ष पूर्व आडिट टीम कर चुकी है लेकिन रसीद बुक गायब करने वाले ऑपरेटर पर ना तो अभी तक मुकदमा दर्ज करा कर उस पर कठोर कार्यवाही की गई है और ना ही 15 वर्ष के दौरान गायब रसीद बुक को खोजने का प्रयास किया गया है जिससे नगर पंचायत चायल में 15 वर्ष के दौरान कार्यरत अधिशासी अधिकारियों के कारनामे का अंदाजा लगाया जा सकता है गायब रसीद बुक को खोजने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के भी कारनामों को संज्ञान लेते हुए उन पर भी कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है। उन्होंने अभी तक मुकदमा क्यों नहीं दर्ज कराया है दोषी पर कार्यवाही क्यों नहीं की है यह उनकी निष्ठा पर सवाल खड़ा है। हालांकि भ्रष्टाचार का नाम आते ही अधिशासी अधिकारी उत्तेजित हो जाते हैं कुछ समय में करोड़ों की रकम एकत्रित करने वाले अधिषासी अधिकारी अपने को बेदाग साबित करने में पूरी ऊर्जा लगा देते हैं लेकिन फिर भी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के कारनामो की चर्चा जन-जन में होती है।

### लाखों गबन की आशंका दोषी पम्प ऑपरेटर पर नहीं दर्ज हुआ अभी तक मुकदमा

ऑडिट रिपोर्ट में रसीद बुक गायब करने का खुलासा होने के बाद फ्री मामले में रत्ती भर अधिकारी आगे नहीं बढ़ सके हैं कई बार नगर वासियों ने सूबे की सरकार से लेकर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया शिकायती पत्र देकर आपरेटर के कारनामों को उजागर किया लेकिन उसके बाद भी नगर पंचायत की जलकल की तीन रसीद बुक गायब करने वाले पंप ऑपरेटर पर कार्यवाही नही हो सकी रसीद बुक गायब करने वाले पंप ऑपरेटर पर कठोर कार्यवाही न किए जाने के बाद नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों की मंशा पर सवाल उठने लगे हैं।

सूत्रों की माने तो नगर वासियों से लाखों रुपए के जल का भुगतान जमा कराने के बाद नगर पंचायत के खजाने में जल का भुगतान नहीं जमा किया गया बल्कि साजिश के तहत जलकल की रसीद बुक को गायब कर दिया गया है पंप ऑपरेटर का दबदबा इस कदर है कि उस पर कार्यवाही करने का साहस अधिकारी नहीं कर पाते हैं रसीद बुक गायब हुए 15 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन अभी तक पंप ऑपरेटर पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया गया है नगर के लोगों ने जिला अधिकारी अपर जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर पंचायत चायल की रसीद बुक गायब करने वाले पंप ऑपरेटर पर मुकदमा दर्ज कराए जाने गबन की रकम की रिकवरी कराए जाने आपरेटर को निलंबित किए जाने और उस पर विभागीय कार्यवाही किए जाने की मांग की है।



मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा धुमाई के मजरे लोधन का पुरवा के युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। जानकारी के अनुसार भारत सिंह उम्र तकरीबन 24 वर्ष पुत्र रामबली निवासी लोधन का पुरवा मिस्त्री का कार्य करता है बीती शाम प्रयागराज से कार्य कर वह रिश्ते का चाचा शिव शंकर के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था राष्ट्रीय राजमार्ग गुलामीपुर के पास आमने सामने दूसरी बाइक से टक्कर हो गयी साथ बैठा शिवशंकर को हल्की चोट आई है जबकि भारत सिंह गम्भीर घायल हो गया ,घायल युवक को राहगीरों के सहयोग से सिराथू अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मौत की पुष्टि कर दी परिजनों को सूचना मिलते ही कोहराम मच गया आज शुक्रवार अझुवा चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है मृतक युवक की बीते फरवरी माह में शादी हुई थी कमाऊ पूत की मृत्यु से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है।



### रोचक कुश्तियों को देखने के लिए उमड़ पड़ी भीड़

**कौशाम्बी।** दशहरा के पावन पर्व के दूसरे दिन चरवा में दंगल का आयोजन किया गया है जिसमें 25 कुश्ती आयोजित हुई दंगल की कुश्तियों को देखने के लिए इलाके के लोगों की भीड़ अखाड़े मैदान में एकत्रित हो गई दूसरे पहलवान को पछाड़कर एक के बाद एक पहलवान अपनी जीत दर्ज करते रहे थर्ड चैंपियन में हकीमपुर के लालता पहलवान ने कुश्ती लड़ने के लिए पहलवानों को ललकारा लेकिन कोई भी पहलवान इनसे कुश्ती लड़ने को तैयार नहीं हुआ जिन पर लालता पहलवान को अखाड़ा का थर्ड चैम्पियन घोषित कर माल्यार्पण कर इनका हौसला अफजाई किया गया इसी तरह सेकंड चैंपियन में बालीपुर टाटा गांव के कपिल महाराज पहलवान ने अपने प्रतिद्वंदी मेरठ के समीर पहलवान को पराजित कर सेकंड चैंपियन पर जीत दर्ज की है कपिल महाराज को माल्यार्पण कर उनका हौसला अफजाई किया गया है अखाड़े के प्रथम चैंपियन पर हरियाणा के पहलवान जैमल ने पहलवानों को कुश्ती लड़ने के लिए ललकारा लेकिन जैमल पहलवान से कोई भी पहलवान कुश्ती लड़ने का साहस नहीं कर सका जिस पर काफी देर तक उनके नाम की घोषणा कर कुश्ती लड़ने के लिए दंगल कमेटी पहलवानों से कहती रही अंत में अखाड़ा फर्स्ट चैंपियन हरियाणा के जैमल पहलवान को घोषित किया गया विजयी पहलवानों को दंगल कमेटी ने माल्यार्पण कर पुरस्कार देकर उनका हौसला अफजाई किया है इस मौके पर आदर्श रामलीला कमेटी नगर पंचायत चरवा के रवि पांडे प्रबंधक, गौरव पांडे, विक्की तिवारी, गोपाल पांडे, विपिन पांडे, पुत्तन पांडे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### शादी के 4 महीने में विवाहिता से कई बार हुई मारपीट

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में गीता देवी पत्नी रामगोपाल निवासी केन थाना सैनी ने बताया कि अपनी बेटी सुधा देवी की शादी 12 मई 2022 को हिंदू धर्म के मुताबिक प्रदीप कुमार पुत्र सुनाई निवासी थाना कड़ा धाम के साथ की थी शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज खातिरदारी जेवर आदि सब कुछ दिया था लेकिन शादी के बाद से ही बेटी सुधा देवी के पति प्रदीप कुमार उसकी सास विमला देवी ससुर सुनाई आए दिन मेरी बेटी सुधा देवी के साथ मारपीट गाली-गलौज मानसिक उत्पीड़न शुरू कर दिया है दहेज में अतिरिक्त धन की डिमांड कर रहे हैं मोटरसाइकिल और नगदी रुपया की बार-बार मांग ससुरालीजन कर रहे हैं शादी के 4 महीने में दर्जनों बार सुधा का पति प्रदीप उसे पीट चुका है। महिला का कहना है कि बेटी सुधा को पीट पीट कर उसके पति ससुर और सास कभी भी हत्या कर सकते हैं शिकायती पत्र में महिला ने कहा कि मेरी बेटी सुधा देवी के साथ अत्याचार करने वाले पति ससुर सास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी कराई जाए उन पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# ओडीएफ घोषित होने के बाद भी खुले में मल मूत्र त्याग करने को विवश हैं आमजन

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सरकार एक तरफ कौशांबी जिले को खुले में शौच मुक्त घोषित कर रही है मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बजहा में लाखों रुपए की बड़ी रकम खर्च करने के बाद गांव में बनाए गए सामुदायिक शौचालय में प्रधान ने ताला बंद कर दिया है जिससे आम जनमानस के साथ-साथ बाहर से आने वाले लोगों को खुले में मल मूत्र त्याग करना पड़ता है खुले में मल मूत्र त्याग किए जाने के बाद कौशांबी जिले को कैसे ओडीएफ कहा जा सकता है लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों ने शासन को झूठी रिपोर्ट भेज कर जिले को ओडीएफ घोषित कर दिया है सामुदायिक शौचालय बजहा में ताला बंद किए जाने के बाद एडीओ पंचायत मूरतगंज सामुदायिक शौचालय में बंद ताले को खुलवा नहीं सके हैं। कुछ दिनों पहले मूरतगंज विकासखंड की जांच करने मुख्य विकास अधिकारी भी पहुंचे थे और उन्होंने जांच कर व्यवस्था में ऑल ओके कर दिया लेकिन हकीकत इससे कहीं दूर थी और गांव क्षेत्र में दुर्दशा व्याप्त है ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव झूठी सूचना देकर आला अधिकारियों को लगातार गुमराह कर रहे हैं खंड विकास अधिकारी मूरतगंज भी पंचायत सचिव ग्राम प्रधान और एडीओ पंचायत की झूठी बातों का समर्थन कर मालामाल हो रहे हैं आखिर समुदायिक शौचालय बजहा में ताला बंद करने वाले ग्राम प्रधान पर अभी तक खंड विकास अधिकारी ने मुकदमा क्यों नहीं दर्ज कराया है उनकी निष्ठा पर यह एक बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है लोगों ने डीएम सीडीओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सामुदायिक शौचालय बजहा में ताला बंद करने वाले ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज कराते हुए सामुदायिक शौचालय को जन उपयोग के लिए खोलने की मांग की है

### सामुदायिक शौचालय में प्रधान के ताला बंद करने के बाद प्रधान पर नहीं दर्ज कराया गया मुकदमा




# किसानों, गरीबों का उत्पीड़न हुआ तो होगा आंदोलन : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने गुरुवार को जनपद के कई क्षेत्रों की विद्युत विभाग से संबंधित समस्यायों को लेकर अधीक्षण अभियंता (विद्युत) कार्यालय का घेराव किया। साथ ही अधीक्षण अभियंता विद्युत सुशील कुमार श्रीवास्तव को जन समस्यायों से अवगत कराया। गुरुवार को पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता अधीक्षण अभियंता कार्यालय मंझनपुर का घेराव किया। इस अवसर पर जिले के कई क्षेत्रों की विद्युत विभाग से संबंधित जन समस्याएं अधिक्षण अभियंता सुशील कुमार श्रीवास्तव को बताई। साथ ही कई शिकायती पत्रों को सौंपकर तत्काल समुचित समाधान करने की मांग की। दिए गए शिकायती पत्रों में ग्राम भीटी मजरा पूरब शरीरा में पिछले चार सालों से बाधित विद्युत आपूर्ति को चालू करने एवं इस दौरान लगातार चालू रहे विद्युत बिल को माफ करने, ग्राम सुदीन का पुरवा मजरा जवई पड़री में बस्ती के उपर से जा रही ग्यारह हजार वोल्ट की लाइन को बस्ती से बाहर करने, ग्राम उदहिन बुजुर्ग में जर्जर विद्युत तारों को बदलने एवं ग्राम उदहिन बुजुर्ग में ढाई सौ के वी ए का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की गई। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता (विद्युत) सुशील कुमार श्रीवास्तव से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही समुचित कार्यवाही कर जन समस्यायों से गरीबों एवं किसानों को राहत नहीं पहुंचाई गई तो विद्युत विभाग के खिलाफ समर्थ किसान पार्टी आंदोलन करेगी। इस मौके पर प्रेम चन्द्र केसरवानी, वीरेंद्र तिवारी, सुरजीत वर्मा, परिहार सिंह लोधी, जयराम पटेल, राजू, सुनील आदि मौजूद रहे।

### विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय का सकिपा ने किया घेराव



## चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को भारत रत्न दिया जाए : अजय सोनी

### सकिपा ने मनाई चौ. महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में किसान नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के तमाम कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में समर्थ किसान पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और किसान नेता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की जयंती मनाई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। साथ ही चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत अमर रहे... अमर रहें... के नारे लगाए। कार्यकताओं ने इस अवसर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर मौजूद रहे लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत किसानों के मसीहा थे। उन्होंने जमीनी स्तर पर किसानों के हित में आवाज बुलंद की। आगे कहा कि समर्थ किसान पार्टी भारत सरकार से उन्हें भारत रत्न देने की मांग करती है। इस संबंध में अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही भारत सरकार को एक ज्ञापन भेजकर चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को भारत रत्न दिए जाने की पार्टी की ओर से मांग की जाएगी। इस अवसर पर प्रेमचंद केसरवानी, सुरजीत वर्मा, वीरेंद्र तिवारी, भैरव दीन गौतम, जयराम पटेल, परिहार सिंह लोधी, राजू कोटार्य आदि लोग मौजूद रहे।




महेंद्र सिंह की जयंती मनाते समर्थ किसान पार्टी नेता

# जमीयत उलेमा द्वारा आयोजित हुई 40 दिवसीय बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जमीयत उलेमा द्वारा 40- दिवसीय बैठक पुरखास में आयोजित की गई बैठक कलाम अल्लाह के पाठ के साथ शुरू हुई,और कारी अब्दुल राज़िक साहीब ने ही नात परसतुत की उसके बाद जमीयत उलेमा कोशांबी के सचिव मौलाना मुफ्ती वककास साकबी ने अ0 स0 स0 की सीरत को बयान करते हुए कहा कि हमारे लिए अगर कोई आईडियल है तो वह आप स0 अ0 स0 जात. है, अल्लाह ने अ0स0स0 को आईडियल बना कर भेजा है। जमीयत उलेमा ज़िला कौशांबी के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुरशिद कासमी ने सभा को संबोधित करते हुए पैगंबर के चरित्र और नैतिकता पर प्रकाश डाला और कहा कि साथियों ने एक बार उम्म आयशा सिद्दीका से पैगंबर की नैतिकता के बारे में पूछताछ की थी। (शांति उस पर हो)। यह पूछे जाने पर कि आपकी नैतिकता क्या है, उम्म आयशा ने कहा कि पूरा कुरान आपकी नैतिकता है, इसलिए मैं कहता हूं कि अगर कुरान ज्ञान है, तो यह मेरी कार्रवाई है। तो मेरे पैगंबर हैं गलत, अगर कुरान किताब के रूप में चुप है, तो मेरा पैगंबर बोलने वाला कुरान है। मेरे पैगंबर की नैतिकता बहुत ऊंची और बुलंद है, हम सभी को अपने पैगंबर के नैतिकता और शिष्टाचार को अपनाने की जरूरत है, अल्लाह हमें कार्य करने की सभी क्षमता प्रदान करे आखिर में हाफिज व कारी अब्दुल राजिक की दुआ पर बैठक संपन्न हुई !इस मौके पर मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुरशिद , मौलाना मुफ्ती वककास ,मौलाना जऐद, मौलाना अजीम उललाह , मुहम्मद फैज, आदी मौजुद रहे।

### रहमत आलम स0 अ0 स0) की सातवीं बैठक 7/10/2022 को मगरिब की नमाज के बाद उत्तर महेलले की मसजिद पुरखास में आयोजित की गई



बैठक में उपस्थित उलेमा पदाधिकारी

संपादकीय

# नए भारत का नया उत्तर प्रदेश

**उत्तर-प्रदेश** में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल के छह महीने पूर्ण कर लिए हैं। राज्य के राजनीतिक इतिहास में लगभग साढ़े तीन दशक के पश्चात किसी दल को दोबारा सत्ता में लाने का इतिहास रचने वाले योगी आदित्यनाथ ने अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल के दौरान बड़े धैर्य एवं साहस के साथ अनेक चुनौतियों का सामना किया। उन्हें जहां विरोधियों का प्रहार, आरोप-प्रत्यारोप एवं बुल्डोजर से मकान तोड़ने जैसे प्रकरणों का सामना करना पड़ा, वहीं अपनी जन हितैषी नीतियों से उन्होंने जनता का समर्थन एवं आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने आजमगढ़ एवं रामपुर लोकसभा क्षेत्र से उपचुनाव में विजय प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि वह वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं तथा विजयश्री प्राप्त करने के लिए समर्थ भी हैं। वास्तव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा की रीतिनीति के अनुसार हिंदुत्व की छवि को सुदृढ़ करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। प्राचीन शहरों के नाम परिवर्तित करना तथा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण इसके उदाहरण हैं। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। सरकार नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल करने पर विशेष बल दे रही है। गंगा का प्रदूषण कम करने के लिए स्मार्ट गंगा सिटी परियोजना पर कार्य चल रहा है। योगी सरकार ने राज्य में पर्यटन विशेषकर धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। राज्य में गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री निराश्रित गौवंश सहभागिता योजना प्रारम्भ की गई है। राज्य में बेघरों को आवास देने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास योजना प्रारम्भ की गई। निर्धन परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना आरम्भ की गई। प्रवासी श्रमिकों को रोजगार देने के लिए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान प्रारम्भ किया गया। बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आरम्भ की गई। बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ की गई। राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना प्रारम्भ की गई। बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश बेरोजगारी भत्ता नामक योजना आरम्भ की गई। राज्य के श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ देने के लिए श्रमिक पंजीकरण योजना प्रारम्भ की गई। श्रमिकों के भरण पोषण के लिए राज्य में श्रमिक भरण पोषण योजना आरम्भ की गई है। इसके साथ ही राज्य की समृद्धि के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। योगी सरकार ने कृषि क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान दिया है। राज्य में जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए परम्परागत खेती विकास योजना चलाई जा रही है। खेतों को पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश निःशुल्क बोरिंग योजना तथा उत्तर प्रदेश किसान उदय योजना संचालित की जा रही है।

## भारतीय विदेश नीति में वसुधैव कुटुंबकम

संजीव

**विगत** 3 वर्षों की कोविड-19 महामारी के कारण पूरा विश्व अशांत एवं तनावग्रस्त रहा है। इसके तुरंत बाद तालिबान-अफगानिस्तान युद्ध में विश्व युद्ध की आशंका मंडराने लगी थी, इससे पूरा विश्व चिंता तथा तनाव के मध्य जीने लगा था इसी क्रम में रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक युद्ध की आशंका को और बलवती बना दिया है। रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन लगभग तबाही के कगार पर बैठा है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन परमाणु बमों का इस्तेमाल करने की घोषणा ने आग में घी का काम कर दिया है। परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की विभीषिका के बादल मंडराने लगे हैं। विश्व के अनेक राष्ट्र जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, साउथ अफ्रीका और अन्य यूरोपीय देश भारत और रूस के कई वर्षों के निरंतर घनिष्ठ संबंधों के आधार पर भारत और भारत के प्रधानमंत्री से यह आशा लगाए बैठे हैं कि वह रूस और यूक्रेन युद्ध पर मध्यस्थता कर युद्ध में विराम लाने का प्रयास करेंगे। विगत दिनों समरकंद में अंतरराष्ट्रीय बैठक में मोदी ने एक-एक कर के वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर पुतिन तथा जेलेंस्की से युद्ध विराम की अपील भी की है। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता एवं वैश्विक शांति तथा वसुधैव कुटुंबकम जैसा भारतीय दर्शन अत्यंत समीचीन एवं प्रासंगिक हो गया है। वर्तमान वैश्विक त्रासदी एवं वैश्विक अशांति के दौर में एक दूसरे की सहायता करना एवं एक दूसरे के मंतव्य, संवेदना को समझने की बड़ी आवश्यकता है। रूस और यूक्रेन के युद्ध का रुकना अब शांति बहाली के लिए अत्यंत आवश्यक भी है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश ने लगभग 40 देशों को कोविड-19 के महामारी के दौरान कई तरह से मदद भी की है। हालांकि भारत में महामारी के दौरान यूरोपीय देशों तथा अन्य देशों ने भी अपना परिवार मानकर खुले दिल से संक्रमण से लड़ने के लिए आर्थिक एवं चिकित्सकीय सहायता प्रदान की थी। भारत की विदेश नीति में वसुधैव कुटुंबकम और वैश्विक शांति की नीति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य की गई है। इसमें दो मत नहीं कि अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति की वन टू वन बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ट्रस्टीशिप की नीति एवं भावना की दोनों देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने बड़ी सराहना की,और उस पर विश्व को अमल करने की बात भी कही। भारत की विश्व के कई देशों को की गई सहायता भारत की नीति वसुधैव कुटुंबकम को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करती है। भारत के प्रधानमंत्री ने सदैव अपनी अभिव्यक्ति में भी यह स्पष्ट रूप से जताया है।

# आम जन से जुड़ा है डाक विभाग

रमेश सर्राफ धमोरा



**भारत** में डाक विभाग के महत्व को मशहूर शायर निदा फाजली के शेर सीधा-साधा डाकिया जादू करे महान, एक ही थैले में भरे आंसू और मुस्कान से समझा जा सकता है। शायर निदा फाजली ने जब यह शेर लिखा था उस वक्त देश में संदेश पहुंचाने का डाक विभाग ही एकमात्र साधन था। डाकिये के थैले में से निकलने वाली चिट्ठी पढ़कर कोई खुश होता था तो कोई दुखी। हमारे देश में पहले डाक विभाग का इतना अधिक महत्व था कि फिल्मों तक में डाकिये पर कई मशहूर गाने फिल्माये गये हैं। मगर अब नजारा पूरी तरह से बदल चुका है। इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव ने डाक विभाग के महत्व को बहुत कम कर दिया है। आज लोगों ने हाथों से चिट्ठियां लिखना छोड़ दिया है। अब ई-मेल, वाट्सएप व सोशल मीडिया, इंटरनेट के माध्यमों से मिनटो में लोगो में संदेशों का आदान प्रदान हो जाता है। 9 अक्तूबर को पूरी दुनिया में विश्व डाक दिवस के तौर पर मनाया जाता है। वर्ष 1874 में इसी दिन यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का गठन करने के लिए स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 22 देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। 1969 में जापान के टाकियो शहर में आयोजित सम्मेलन में विश्व डाक दिवस के रूप में इसी दिन को चयन किये जाने की घोषणा की गयी थी। एक जुलाई 1876 को भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बनने वाला भारत पहला एशियाई देश था। जनसंख्या और अंतरराष्ट्रीय मेल ट्रैफिक के आधार पर भारत शुरू से ही प्रथम श्रेणी का सदस्य रहा है। विश्व डाक दिवस का मकसद देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में डाक क्षेत्र के योगदान के बारे में जागरुकता पैदा करना है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष 150 से ज्यादा देशों में विविध तरीकों से विश्व डाक दिवस आयोजित किया जाता है। भारतीय डाक प्रणाली का जो उन्नत और परिष्कृत स्वरूप आज हमारे सामने है। वह हजारों सालों के लंबे सफर की देन है। अंग्रेजों ने डेढ़ सौ साल पहले अलग-अलग हिस्सों में अपने तरीके से चल रही डाक व्यवस्था को एक सूत्र में पिरोने की पहल की थी। उन्होने भारतीय डाक को एक नया रूप और रंग दिया। पर अंग्रेजों की डाक प्रणाली उनके सामरिक और व्यापारिक हितों पर ही केंद्रित थी। पहले डाक विभाग हमारे जनजीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता था। गांव में जब डाकिया डाक का थैला लेकर आता था तो बच्चे-बूढ़े सभी उसके साथ डाक घर की तरफ इस उत्सुकता से चल पड़ते थे कि उनके भी किसी परिजन की चिट्ठी आयेगी। डाकिया जब नाम लेकर एक-एक चिट्ठी बांटना शुरू करता तो सभी लोग अपनी या अपने पड़ौसी की चिट्ठी ले लेते व उसके घर जाकर उस चिट्ठी को बड़े चाव से देते थे। उस वक्त शिक्षा का प्रसार ना होने से अक्सर महिलायें अनपढ़ होती थी। इसलिये चिट्ठी लाने वालो से ही चिट्ठियां पढ़वाती भी थी और लिखवाती भी थी। कई बार चिट्ठी पढने-लिखने वाले बच्चों को ईनाम स्वरूप कुछ पैसा या खाने को गुड़, पताशे भी मिल जाया करते थे। इसी लालच में बच्चे ज्यादा से ज्यादा घरों में चिट्ठियां पहुंचाने का प्रयास करते थे। उस वक्त गांवो में बैक शाखा भी नहीं होती थी। इस कारण बाहर कमाने गये लोग अपने घर पैसा भी डाक में मनीआर्डर के द्वारा ही भेजते थे। मनीआर्डर देने डाकिया स्वयं प्राप्तकर्ता के घर जाता था व भुगतान के वक्त एक गवाह के भी हस्ताक्षर करवाता था। इसी तरह रजिस्टर्ड पत्र देते वक्त भी प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर करवाये जाते थे। डाक विभाग अति आवश्यक संदेश को तार के माध्यम से भेजता था। तार की दर अधिक होने से उसमें संक्षिप्त व जरूरी बाते ही लिखी जाती थी। तार भी साधारण जरूरी होते थे। जरूरी तार की दर सामान्य से दुगुनी होती थी। पहले पत्रकारिता में भी जरूरी खबरे तार द्वारा भेजी जाती थी। जिनका भुगतान समाचार प्राप्तकर्ता समाचार पत्रो द्वारा किया जाता था। इस बाबत समाचार पत्र का सम्पादक जिलो में कार्यरत अपने संवाददाताओं को डाक विभाग से जारी एक अधिकार पत्र देता था। जिनके माध्यम से संवाददाता अपने समाचार पत्र को बिना भुगतान किये डाकघर से तार भेजने के लिये अधिकृत होता था। 15 जुलाई 2013 से सरकार ने तार सेवा को बन्द कर दिया। आज डाक में लोगों की चिट्ठियां तो गिनती की ही आती है। मनीआर्डर भी बन्द से ही हो गये हैं। मगर डाक से अन्य सरकारी विभागों से सम्बन्धित कागजात, बैंको व अन्य संस्थानो के प्रपत्र काफी संख्या में आने से डाक विभाग का महत्व फिर से एक बार बढ़ गया है। डाक विभाग कई दशकों तक देश के अंदर ही नहीं बल्कि एक देश से दूसरे देश तक सूचना पहुंचाने का सर्वाधिक विश्वसनीय, सुगम और सस्ता साधन रहा है। लेकिन इस क्षेत्र में निजी कम्पनियों के बढ़ते दबदबे और फिर सूचना तकनीक के नये माध्यमों के प्रसार के कारण डाक विभाग की भूमिका लगातार कम होती गयी है। वैसे इसकी प्रासंगिकता पूरी दुनिया में आज भी बरकरार है। बदलते हुए तकनीकी दौर में दुनिया भर की डाक व्यवस्थाओं ने मौजूदा सेवाओं में सुधार करते हुए खुद को नयी तकनीकी सेवाओं के साथ जोड़ा है। डाक, पार्सल, पत्रों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक्सप्रेस सेवाएं शुरू की हैं। डाक घरों द्वारा मुहैया करायी जानेवाली वित्तीय सेवाओं को भी आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। दुनियाभर में इस समय 55 से भी ज्यादा विभिन्न प्रकार की पोस्टल ई-सेवाएं उपलब्ध हैं। भविष्य में पोस्टल ई-सेवाओं की संख्या और अधिक बढ़ायी जायेगी। डाक विभाग से 82 फीसदी वैश्विक आबादी को होम डिलीवरी का फायदा मिलता है। भारतीय डाक विभाग पिनकोड नम्बर (पोस्टल इंडेक्स नम्बर) के आधार पर देश में डाक वितरण का कार्य करता है। पिनकोड नम्बर का प्रारम्भ 15 अगस्त 1972 को किया गया था। इसके अन्तर्गत डाक विभाग द्वारा देश को नो भौगोलिक क्षेत्रो में बांटा गया है। संख्या 1 से 8 तक भौगोलिक क्षेत्र हैं व संख्या 9 सेना की डाक सेवा को आवंटित किया गया है। पिन कोड की पहली संख्या क्षेत्र दूसरी संख्या उपक्षेत्र, तीसरी संख्या जिले को दर्शार्ती है। अन्तिम तीन संख्या उस जिले के विशिष्ट डाकघर को दर्शाती है। डाक विभाग के अंतर्गत केंद्र सरकार ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) शुरू किया है। देश के हर व्यक्ति के पास बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने के क्रम में यह एक बड़ा विकल्प होगा। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने देश भर में बैंकिंग सेवाएं शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में इस के माध्यम से देश का सबसे बड़ा बैंकिंग नेटवर्क अस्तित्व में आएगा। जिसकी हर गांव तक मौजूदगी होगी। इन सेवाओं के लिए पोस्ट विभाग के 11000 कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को बैंकिंग सेवाएं देंगे। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत आने वाला एक विशेष किस्म का बैंक है जो 100 फीसद सरकारी है। आईपीपीबी को पूरे देश में पहुंचाने के लिए पोस्ट विभाग के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का इस्तेमाल किया जाएगा। देश भर में 40 हजार डाकिये हैं और 2.6 लाख डाक सेवक है। आने वाले वक्त में सरकार इन सभी का इस्तेमाल बैंकिंग सेवाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए करेगी। भारत की आजादी के बाद हमारी डाक प्रणाली को आम आदमी की जरूरतों को केंद्र में रख कर विकसित करने का नया दौर शुरू हुआ था। नियोजित विकास प्रक्रिया ने ही भारतीय डाक को दुनिया की सबसे बड़ी और बेहतरीन डाक प्रणाली बनाया है। राष्ट्र निर्माण में भी डाक विभाग ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। जिससे इसकी उपयोगिता लगातार बनी हुई है। आज भी आम आदमी डाकघरों और डाकिये पर भरोसा करता है। तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में आम जनता का इतना जन विश्वास कोई और संस्था नहीं अर्जित कर सकी है। इसके पीछे डाक विभाग के कार्मिको का बरसों का श्रम और लगातार प्रदान की जा रही सेवा छिपी है।

आने वाले वक्त में सरकार इन सभी का इस्तेमाल बैंकिंग सेवाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए करेगी। भारत की आजादी के बाद हमारी डाक प्रणाली को आम आदमी की जरूरतों को केंद्र में रख कर विकसित करने का नया दौर शुरू हुआ था। नियोजित विकास प्रक्रिया ने ही भारतीय डाक को दुनिया की सबसे बड़ी और बेहतरीन डाक प्रणाली बनाया है। राष्ट्र निर्माण में भी डाक विभाग ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है

# प्रोजेक्ट चीता : एक शानदार मीडिया इवेंट लेकिन...

डॉ राजू पाण्डेय

**स्वतंत्र** भारत के अमृत काल में भी एक नेता की महत्वाकांक्षा ने अफ्रीकी चीतों के भारत आगमन को एक राजसी उत्सव में बदल दिया है। इस मीडिया निर्मित महानायक का प्रदर्शनप्रियता और आत्मप्रशंसा के प्रति आकर्षण राजतंत्र के दौर की याद दिलाता है। पता नहीं एशियाटिक लायन, कैराकल और ग्रेट इंडियन बस्टर्ड जैसे विलुप्तप्राय भारतीय वन्य जीव कब किसी मेगा इवेंट के लिए कास्ट किए जाएंगे और इसी बहाने उनके भी दिन बहुरेंगे। यदि आप भारतीय मीडिया की इस बात पर भरोसा करते हैं कि 'प्रोजेक्ट चीता' चीतों के संरक्षण हेतु प्रारंभ किया गया विश्व में अपने ढंग का अनूठा कार्यक्रम है और इससे भारत के घास के मैदानों की स्थिति में सुधार होगा तो यह जान लीजिए कि गलत तथ्यों के आधार पर फिर से आपकी भावनाओं से खिलवाड़ किया गया है। वन्य प्राणी संरक्षण का सुदीर्घ अनुभव रखने वाले अनेक विशेषज्ञ प्रोजेक्ट चीता पर सवाल उठाते रहे हैं। जानेमाने विशेषज्ञ वाल्मीक थापर के अनुसार, भारत में मुक्त रूप से भ्रमण करने वाले चीतों की विशाल आबादी कभी नहीं रही। अन्य देशों में जहां इनकी आबादी हजारों में थी, हमारे यहां इनकी संख्या सीमित रही। जो चीते यहां मौजूद थे वे भी राजे महाराजाओं द्वारा अफ्रीका (विशेषकर केन्या) से मंगाए गए थे जिनका उपयोग काले हिरण के शिकार के लिए किया जाता था। इनमें से कुछ पालतू चीते जंगलों में भाग गए। पिछली कुछ शताब्दियों में चीतों की प्राकृतिक आबादी हमारे यहां नहीं रही है। यह कहा जाता है कि अकबर के पास एक हजार चीते थे। यह कहां से आए इस बात को लेकर अनिश्चितता है किंतु इतना तय है कि इनमें एक बड़ी संख्या उपहार में प्राप्त चीतों की थी। सरकार द्वारा यह कहा जा रहा है कि चीतों की बसाहट मध्य और उत्तरपूर्वी भारत के विनष्ट हो चुके घास के मैदानों के पुनर्जीवन के लिए आवश्यक संसाधन एकत्रित करने का माध्यम बनेगी। किंतु विशेषज्ञों का एक समूह सरकार को चुनौती दे रहा है कि वह मध्य भारत में इस प्रकार के किसी विनष्ट प्राय खराब घास के मैदान को चिह्नित करके दिखाए। इन विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कुनो-पालपुर को घास का मैदान नहीं माना जा सकता। यह अफ्रीकी चीते का प्राकृतिक आवास नहीं है। यहां उसके शिकार के लिए प्रजातियां भी निवास नहीं करतीं। चीते को तेजी से दौड़ने के लिए कोमल सतह चाहिए, वह पथरीली जमीन पर दौड़ नहीं सकता। इसे हायना, तेंदुए, शेर आदि से भी से भी जान का खतरा हो सकता है। जंगली कुत्ते तथा गांवों में रहने वाले कुत्ते इसके पीछे लग सकते हैं। यद्यपि कुछ विशेषज्ञ यह मानते हैं कि चीता अनेक प्रकार के आवासों यथा गर्म मरुस्थल, ठंडे मरुस्थल, पर्वतीय क्षेत्र, वन प्रदेश और सवाना घास के मैदानों में पाया जाता है अतः इसके लिए अनुकूलन की कोई समस्या नहीं है। विशेषज्ञ कहते हैं कि चीते को यदि भारत में रखना ही है तो ऐसा केवल चारों तरफ से बाड़ से घिरी हुई 100-200 वर्ग किलोमीटर की जगह में ही संभव है। इन्हें खाने के लिए मांस या इनका शिकार हमें ही देना होगा। बाड़ की ऊंचाई कम से कम 4 मीटर होनी चाहिए। कुल मिलाकर ऐसी किसी परियोजना पर करोड़ों का खर्च होगा। किंतु जंगल में इन अफ्रीकी चीतों के बचने की संभावनाएं नगण्य हैं। हमें विलुप्त होने के कगार पर खड़ी अपनी घरेलू प्रजातियों के संरक्षण पर ध्यान देना होगा। अनेक विशेषज्ञों ने वन्य जीव संरक्षण की हमारी प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं। चीतों को भारत लाने की नवीनतम कोशिश वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा 2009 में प्रारम्भ की गई थी। मामला 2013 में सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश(पेज 63,64, पैरा 59,60,61) में कहा हमारे मतानुसार कुनो में विदेशी चीतों को लाने का आदेश पारित करने से पहले एमओईएफ ने कोई विस्तृत अध्ययन नहीं किया था। कुनो अफ्रीकी चीतों का ऐतिहासिक आवास नहीं है। –– हम इंगित करना चाहते हैं कि एशियाई शेरों का संरक्षण करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, यह प्रजाति खतरे में है और इन्हें दूसरा आवास देना होगा। इस स्तर पर हमारे मतानुसार एमओईएफ का अफ्रीकी चीतों को पहले कुनो में बसाने और इसके बाद एशियाई शेर को यहां लाने का निर्णय मनमाना, गैर कानूनी और वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम में उल्लिखित आवश्यक प्रावधानों का उल्लंघन है। ––एमओईएफ का एशियाई शेरों को गिर से कुनो में लाकर बसाने का निर्णय इस खतरे में पड़ी प्रजाति के संरक्षण के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और इसमें विलंब नहीं किया जा सकता। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के 2013 के इस आदेश का पालन तो नहीं किया बल्कि वह जनवरी 2020 में अफ्रीकी चीतों को बसाने का अनुरोध लिए फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। अब उसका आवेदन अफ्रीकी चीतों को भारत में 'बसाने' के लिए था क्योंकि सुप्रीम कोर्ट कह चुका था कि अफ्रीकी चीता भारतवासी नहीं है इसलिए उसे 'वापस बसाने' का कोई प्रश्न नहीं उठता। नेशनल टाइगर कं जर्वेशन अथॉरिटी ने न्यायालय से वादा किया कि चीतों को प्रायोगिक तौर पर एक ध्यानपूर्वक चयनित आवास में बसाया जाएगा, उनकी देखभाल की जाएगी और इस बात का अवलोकन किया जाएगा कि वे भारतीय परिस्थिति के साथ अनुकूलन कर पाते हैं या नहीं। न्यायालय ने इस आवेदन को स्वीकार किया और यह जानने के लिए कि क्या अफ्रीकी चीतों की बड़ी संख्या भारत में बसाई जा सकती है एक समिति गठित की। मीडिया और सरकारी प्रचारतंत्र के बड़े -बड़े दावों से एकदम अलग प्रोजेक्ट चीता की कामयाबी के लिए निर्धारित मापदंड यह दर्शाते हैं कि सरकार स्वयं बहुत ज्यादा आशान्वित नहीं है। प्रोजेक्ट को सफल मानने के लिए निर्धारित लक्ष्यों में लाए गए चीतों में से 50 प्रतिशत का जीवित रहना, इन चीतों द्वारा कुनो-पालपुर को अपना घरेलू क्षेत्र बनाया जाना, इन चीतों का वन में प्रजनन करना, उत्पन्न शावकों का एक वर्ष से अधिक अवधि तक जीवित रहना तथा एफ1 पीढ़ी का कामयाबी से प्रजनन करना आदि सम्मिलित हैं। रवि चेल्लम जैसे विशेषज्ञों ने अनेक साक्षात्कारों में यह बताया है कि यदि यह प्रोजेक्ट कामयाब भी हो जाता है तब भी भारत में अगले 15 वर्षों में केवल 21 चीते मौजूद होंगे। ऐसी दशा में यह कहना कि इस प्रोजेक्ट द्वारा चीता शीर्ष शिकारी की स्थिति प्राप्त कर लेगा और घास के मैदान संरक्षित हो सकेंगे, तथ्यों से एकदम परे है। चेल्लम के अनुसार, किसी चीते के लिए आवश्यक औसत क्षेत्र 100 वर्ग किलोमीटर है, कुनो के वर्तमान 748 वर्ग किलोमीटर का विस्तार केवल 7-8 चीतों के लिए ही काफी होगा। जबकि राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की पूर्व सदस्य प्रेरणा सिंह बिंद्रा ने अपने आलेखों और साक्षात्कारों में कहा है कि हमने अपने घास के मैदानों का लगभग 90 से 95 फीसदी हिस्सा विनष्ट कर दिया है।

चीता वर्ष में कम से कम 1000 किलोमीटर का भ्रमण करता है। यदि किसी तरह अफ्रीकी चीता भारत में बच भी जाता है तो उसके लिए हमारे पास घास के मैदान कहां हैं?

# कक्षा की रोचकता, आज की आवश्यकता

रामानुज पाठक

**विद्यालय** में शिक्षार्थी ,शिक्षक से शिक्षा कक्षा में प्राप्त करते हैं।कक्षा में समूह होता है।समूह में अधिगम अधिक प्रभावी होता है।तभी तो लाख कोशिशों के बावजूद वर्चुअल/ ऑनलाइन /आभासी/ डिजिटल, शिक्षण अपना उतना प्रभाव नहीं छोड़ पाए जितना वास्तविक/ कक्षा शिक्षण।कोरोना काल में भले ही मजबूरीवश वर्चुअल, डिजिटल, ऑनलाइन ,मोड में शिक्षण जारी था लेकिन कोरोनावायरस के तुरंत बाद क्लास रूम में कक्षा शिक्षण जो ऑफलाइन मोड में होता है की ओर शिक्षक और शिक्षार्थी दोनों ही सप्रेम लौट आए। दरअसल कक्षा शिक्षण में शिक्षक और शिक्षार्थी पारस्परिक संवाद करते हैं, प्रश्न पूछते हैं, उत्तर देते हैं, इसलिए कक्षा शिक्षण सीखने की अतिउत्तम,वैज्ञानिक और प्रभावी विधि मानी जाती रही है। वर्तमान समय में एक जटिल समस्या बनकर उभरी है "कक्षा की नीरसता "कक्षा का वातावरण बोझिल एवं निष्प्रभावी होता जा रहा है। कुछ शिक्षक ऐसे होते हैं जो अपनी शिक्षण कला से कक्षा के नीरस एवं उबाऊ माहौल में रस भर देते हैं, कक्षा के वातावरण को रोचक बना देते हैं, कभी किसी "लघुकथा" से कभी किसी "दृष्टांत "से कभी किसी समसामयिक" प्रसंग" से तो कभी "गीत गजल" से विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार कर देते हैं उनमें उमंग भर देते हैं तभी तो ऐसे नवाचारी शिक्षकों की कक्षा छात्र /विद्यार्थी कभी छोड़ना नहीं चाहते है। मेरी समझ , मति के अनुसार वही सफल शिक्षक है जिसकी कक्षा पढ़ने के लिए छात्रों में उत्साह, एवं उमंग हो आतुरता हो ।कक्षा की भीड़ बताती है कि अमुक शिक्षक का शिक्षण कितना प्रभावी है शिक्षकों को चाहिए कि छात्रों में "प्रश्न पैदा करें" उन्हें """जिज्ञासु" बनाएं रटने वाली विद्या से कोसों दूर करें ।कोई भी शिक्षार्थी तभी जीवन में भी और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अच्छा कर पाता है जब उसमें मौलिकता हो, सोच मौलिक हो, लेखन कौशल में मौलिकता हो ,अभिव्यक्ति में मौलिकता हो , ।निजी विद्यालयों की मेरे समझ में जो सबसे बड़ी कमी रही है वह यह है कि विद्यार्थी को चिंतनशील बनने से रोकते हैं, उसे मोटी मोटी किताबों में ही उलझाए रखते हैं ।शासकीय विद्यालयों में विगत 17 वर्षों से अध्यापन करते हुए मैंने यह देखा, सुना, और महसूस किया कि सरकारी स्कूल का विद्यार्थी ज्यादा "चिंतनशील" होता है, समस्याओं से लड़ने में ज्यादा जुझारू होता है, और उसकी मौलिकता को निखारने के सरकारी स्कूलों में मंच/अवसर ज्यादा मिलते हैं। लेकिन अब जो दोनों प्रकार के विद्यालयों में कमी हो गई है या इस कमी के कारण समानता आ गई है वह यह है कि "कक्षा का वातावरण" अशासकीय और शासकीय दोनों विद्यालयों में उबाऊ हो रहा है। छात्र, विषय शिक्षकों की कक्षाओं में जम्हाई लेते हैं ,कुर्सी में बैठकर भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान जैसे विषयों को बांचकर कोर्स पूरा करने को ही अपना परम धर्म समझ बैठते हैं । कक्षाओं की सजीवता खोने लगी है,शिक्षकों मे जीवटता खोने लगी है।कक्षाओं को दरअसल प्रयोगशाला, कार्यशाला दोनों का किरदार निभाना चाहिए किंतु ऐसा हो नहीं पा रहा । ऐसा भी नहीं है कि कक्षा के वातावरण में जान फूंकने वाले शिक्षक नहीं हैं लेकिन बहुत कम इनकी संख्या उंगली में गिनी जा सकती है।आज स्वाध्याई शिक्षक एवं टी. एल .एम. के साथ अध्यापन कराने वाले शिक्षकों की संख्या दिनों दिन घटती जा रही है। प्रत्येक संकुल क्लस्टर में गिने-चुने ही ऐसे शिक्षक बचे हैं जो कक्षागत वातावरण को रोचक बना कर ही पढ़ाते हैं। भारत का भविष्य गढ़ने वाले शिक्षक कक्षा का वातावरण यदि रोचक बना दें "पहले अपनाओ,बाद में पढ़ाओ" की उक्ति को आत्मसात कर लें तो ना केवल कक्षाओं, विद्यालयों से ड्रॉपआउट घटेगा बल्कि उम्दा किस्म के वैज्ञानिक नवोन्मेशी छात्र पैदा होंगे "शिक्षा मनोविज्ञान "ने भी यह माना है कि कक्षा का सौम्य वातावरण अधिगम में वृद्धि करता है। कोई कुछ भी कहे लेकिन स्कूलों में शिक्षक ही छात्रों के सबसे बड़े हीरो/ रोल मॉडल हैं ।बच्चे उनके चलने, उनके बोलने,उठने,वस्त्र विन्यास,केश विन्यास की सबसे ज्यादा नकल करते हैं। पर दुखद पहलू यह है कि आज बच्चे अपना कैरियर "शिक्षक" के रूप में नहीं चाहते ।हमारी सरकारों को भी चाहिए कि शिक्षकीय पेशा को आकर्षक बनाएं ,वेतन भत्ते, सेवा शर्तें ऐसी हो कि युवा इस पेशे की ओर आकर्षित हों ,और हां एक बात और इस पेशे में वही युवा आएं जिनमें "शिक्षकीय निष्ठा" हो "अध्ययन शीलता" हो "उच्च चरित्र वाले हो" कक्षा को सजाने संवारने का माद्दा रखते हो,जिनमें श्रम शीलता हो, सरलता हो, और उद्यमिता हो। लेकिन दुखद है कि ऐसा हो नहीं पा रहा है।

## सीजन, विजन और अबसेशन

डॉ. सुरेश कुमार

**सेल्सबॉय** सूट-बूट पहने, आइए-आइए सर! महास्मार्ट शॉपिंग मॉल में आपका स्वागत है। हमारे पास सभी सीजन की टेक्निकल चीजें मिलती हैं। ग्राहक ने कहा, यह क्या, यहाँ तो बड़ी ठंडक है। बदन जकड़ा जा रहा है। ऐसी ठिठुरती ठंडी में आदमी सामान खरीदने से ज्यादा शौचालय के चक्कर लगाएगा। साहब यह सब हमारे महास्मार्ट एसी का कमाल है। एकदम हाइली अडवांस टेक्निक से काम करता है। शरीर के भार और आकार के हिसाब से या यूँ कहिए कि उसके क्षेत्रफल के हिसाब से उतनी ही ठंडक देता है जितना कि सामने वाला सह जाए। मालिक को मालिक के हिसाब से, मालकिन को मालकिन के हिसाब से ठंडक देता है। एक बार यह एसी आपके दिमाग में बैठ गया तो आप दूसरे एसी के बारे में भूलकर भी नहीं सोचेंगे। हाँ-हाँ सही कहते हो। ठंड के मारे मेरा दिमाग जकड़ा जा रहा है। सिरदर्द होने लगा है। आदमी जो लेगा सो लेगा उससे पहले वह अपना इलाज कराने अस्पताल जाएगा। यह सब छोड़िए साहब! बताइए आपको क्या चाहिए? मुझे कुछ नए प्रॉडक्ट्स दिखायें। एकदम हाइली अडवांस और स्मार्ट। जरूर-जरूर! साहब यह छतरी देखिए। गर्मी में धूप से बचाता है और बरसात में पानी से। वाह! क्या कमाल की छतरी है। इतनी कमाल की छतरी को शोरूम में क्यों, विश्व धरोहर के अंतर्गत संग्रहालय में रखवाना चाहिए। अरे साहब! आप मजाक समझते हैं। यह कोई ऐसी-वैसी छतरी नहीं है। धूप में एसी बनकर ठंडक देता है। बरसात में पानी सोख लेता है। अच्छा-अच्छा!

# चित्रकूट - खेल संदेश

## फटाफट खबरें

### वैल्युवेशन कराकर करायें बैनामा : डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने भंभई, रानीपुर भट्ट, गढीवा व शिवरामपुर में जमीनों के बैनामे का औचक निरीक्षण का कहा कि अब जो भी नये बैनामा होंगे, उसकी फोटो जीपीएस सिस्टम से रंगीन फोटो लगाई जायेगी। शुक्रवार को डीएम अभिषेक आनन्द ने कहा कि क्रेता-विक्रेता के फोटोग्राफ एक साथ होने चाहिए, ताकि बैनामा भूमि विवाद में पचास फीसदी विवाद खत्म हो जाता है। प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी जमीन की कीमत की जानकारी ली। उन्होंने सब रजिस्ट्रार राजेश सिंह को निर्देश दिये कि कार्यशैली में सुधार लाकर शिवरामपुर की प्लाटिंग जमीन को कृषि योग्य दिखना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जमीन की वैल्युवेशन कम दिखाकर बेंच दी जाती है। अब कम करके दरों में प्लाटिंग करेंगे तो जिम्मेदारी उनकी होगी। तहसीलदार कर्वी से कहा कि सही ढंग से पता लगाये कि बैनामे की जमीन कहां हैं। गढीवा के गाटा संख्या 442 में कहा कि उसमें नाला भी निकालकर दशार्यें। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि रजिस्ट्री कराने में जमीन की वैल्युवेशन करायें, ताकि सरकार के राजस्व में वृद्धि हो सके। इस मौके पर तहसीलदार कर्वी राकेश पाठक, सब रजिस्ट्रार राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### डीएफओ ने वन्य प्राणी सप्ताह पर छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एक से सात अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह के समापन पर सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज सीतापुर के छात्र-छात्राओं ने निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। डीएफओ आरके दीक्षित आदि ने निबन्ध एवं चित्रकला में स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। शुक्रवार को प्रभागीय वनाधिकारी आरके दीक्षित, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ राजीव पाठक, एसडीओ हरिशंकर सिंह, कालेज के शिक्षक सुरेश प्रसाद, नन्हेलाल, विनोद सागर, अनिल कुमार सिंह, लवलेश सिंह, संतोष गुप्ता, जगदीश प्रसाद, कमलेश प्रसाद, नेमचन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि ने वन्य प्राणी सप्ताह के समापन पर निबन्ध एवं चित्रकला के इंटर की छात्रा खुशबू प्रथम, रेखा प्रजापति द्वितीय, आरुषी तृतीय व अनीता को सांत्वना पुरस्कार दिया। हाईस्कूल की आरती प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय व कामिनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में काजल कुशवाला, सोनल, अंजनी कुशवाहा ने क्रमशः स्थान प्राप्त किया। निबन्ध में इंटर के आदर्श सोनी, सोहन मौर्या, श्रेयांश केशरवानी ने क्रमशः स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल के मोहित साहू, लता, इन्दू पटेल ने क्रमशः स्थान प्राप्त किया। डीएफओ आरके दीक्षित ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल से पुरस्कृत किया। उन्होने कहा कि वन्य प्राणियों की सुरक्षा को सभी लोगों को सहभागिता निभानी चाहिए।

### जिले में पर्यटकों को मिलेंगी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधायें : जयवीर सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि विश्वविख्यात चित्रकूट जिले में पर्यटन गतिनिधियां बढाने को पर्यटन विकास को सरकार ने 25 करोड रुपये से ज्यादा की धनराशि मंजूर की है। विभिन्न योजनायें मंजूर करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को कार्यवाही के निर्देश दिये।

शुक्रवार को सूब के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने राजापुर में एक गेस्ट हाउस में बताया कि जिले में रामघाट के पास उप्र पर्यटक चैराहा के विकास एवं प्रवेश द्वार निर्माण को 223.37 लाख रुपये मंजूर किये गये हैं। कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के पर्यटन विकास को 473.70 लाख रुपये मंजूर हुए है। सीतापुर में पर्यटन विकास को 86.76 लाख रुपये मंजूर हुए हैं। ये तीनों कार्य कार्यदायी संस्था उप्र राज्य पर्यटन विकास निगम लि को सौंपा गया है।

उन्होंने बताया कि जिले में पर्यटन चैराहे से रामघाट एवं शिवरामपुर तिराहा तक स्ट्रीट लाइट एवं परिक्रमा मार्ग में 63 केवीए के जनरेटर को 495.74 लाख रुपये मंजूर हुए हैं।

## ट्राफिक चौराहे का नाम रखें तुलसी चौराहा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय साहित्यक संस्थान के प्रबंधक डॉ मनोज द्विवेदी की अगुवाई में जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि ट्राफिक चैराहे का नाम तुलसी चैराहा रखकर महाकवि तुलसीदास की प्रतिमा लगवाई जाये।

शुक्रवार को जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में भारतीय साहित्यिक संस्थान के प्रबंधक डॉ मनोज द्विवेदी ने कहा कि 1975 में पूर्व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शंकरलाल अग्रवाल ने लिओ क्लब के कार्यक्रम में ट्राफिक चैराहे का नाम तुलसी चैराहा रखकर बगल की बाजार का नाम तुलसी मार्केट रखा था। हाल में नगर पालिका परिषद ने इस चैराहे का चैडीकरण कर सुन्दरीकरण करने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ट्राफिक चैराहे का नाम तुलसी चैराहा कर महाकवि तुलसीदास की प्रतिमा लगाई जाये।

इस चैराहे में महात्मा गांधी की भी प्रतिभा लगाई जाये। इसी स्थान पर 1930 में आजादी के आन्दोलन के समय गांधी ने यहां जनसभा की थी। ज्ञापन देने में उनके साथ रामपाल त्रिपाठी, रामलाल द्विवेदी, रेलवे उपभोक्ता कमेटी के सदस्य हबीब खान व वीरेन्द्र गर्ग आदि मौजूद रहे।

### बरदहा नदी का रपटा बहा, आवागमन ठप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लगातार दो दिनों से हुई यूपी-एमपी में जोरदार बारिश से पाठा क्षेत्र के मानिकपुर में कई कच्चे घर गिर गये हैं। पाठा के घनघोर जंगलों में पहाडों का पानी उतरने से बरदहा नदी में बाढ आ गई है। दो दिन में हुई झमाझम बारिश से नदी का पानी रपटों के ऊपर बह रहा है।

शुक्रवार को मानिकपुर से चमरौंहा, मऊ गुरदरी होते हुए एमपी के डभौरा जाने वाले मार्ग पर नदी में रपटा बना है। इस रपटे का निर्माण पांच साल पहले हुआ था। पाठा क्षेत्र में डकैतों की दहशत के बहाने ठेकेदारों ने गुणवत्ता विहीन रपटा बनाया था। बरदहा नदी का जल स्तर बढने से चमरौंहा के पास रपटे के ऊपर पानी के तेज बहाव से रपटा बह गया है।

यूपी-एमपी को जोडने वाले इस मार्ग के रपटे के बहने से आवागमन ठप हो गया है। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। लोगों ने इस रपटे के जल्द निर्माण की मांग की है, ताकि आवागमन शुरू हो सके।

### सीआईसी में कवियों ने लगाये पौधे



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुसार भारतीय साहित्यक संस्थान/तुलसी साहित्य अकाडमी के अध्यक्ष रामलाल द्विवेदी की अगुवाई में बरगद, पीपल एवं पाकड के फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किये गये।

शुक्रवार को भारतीय साहित्यक संस्थान के कोषाध्यक्ष रामलाल द्विवेदी, चित्रकूट इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान, शिक्षक फूलचन्द्र चन्द्रवंशी, शक्ति प्रताप सिंह, हरीमोहन राय, गणेश मिश्र, सुनील नवोदित, जया अवस्थी, प्रेमचन्द्र आदि ने पर्यावरण संरक्षण को बरगद, पीपल एवं पाकड के पौधे चित्रकूट इंटर कालेज में रोपित किये। वृक्ष मित्र के बतौर रामलाल द्विवेदी ने हरीसंकरी के पौधे सीआईसी में रोपित कर कहा कि पिछले वर्ष लगाये पौधों में ट्रीगार्ड लगाने से पौधे बडे हो रहे हैं।

प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने कहा कि कालेज परिसर में निजी प्रयास से काफी पेड लगवाये गये हैं। द्विवेदी ने कहा कि इस वर्ष सौ से ज्यादा पौधे रोपे गये हैं। पौधरोपण का कार्य लैनाबाबा, दुग्ध डेयरी नया बस स्टैण्ड, कलेक्टेज्ट रोड, रानीपुर गांव के पास भी लगाये गये हैं।

## वसुंधरा परिवार के शिविर में दो सौ प्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संघ की विचार पद्धति पर राष्ट्र के पुनर्जागरण कार्य मे लगे अंतर्राष्ट्रीय वसुंधरा परिवार के आठ दिवसीय शिविर के चित्रकूट में समापन पर कई राज्यों की मातृशक्ति और छात्र-छात्राओं ने सहभागिता निभाई। वसुंधरा परिवार के मुख्य लक्ष्य बच्चों को फतह के गुर सिखाकर ऑनलाइन निःशुल्क कक्षाएं चलाई जायेंगी।

शुक्रवार को वसुंधरा परिवार के संरक्षक/पूर्व गृह सचिव जगन्नाथ सिंह की अगुवाई में आचार्य मंदिर नयागांव में चले शिविर में दिल्ली, उड़ीसा, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार और यूपी के छात्र-छात्राओं समेत दो सौ लोगों ने हिस्सा लिया। अखिल भारतीय कार्यकारिणी ने आठ दिवसीय शिविर में सवेरे पांच बजे से रात में 10 बजे तक वसुन्धरा परिवार संस्थापक अध्यक्ष आशुतोष ने सत्रों में बच्चों को लक्ष्य साधने के तरीके बताये। संरक्षक सेवा निवृत्त आईएएस जगन्नाथ सिंह ने बताया कि वसुंधरा परिवार में तमाम शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी शामिल हैं। अनुभवी टीम देशभर में चुनिंदा बच्चों की फौज तैयार करने में लगी है। वसुंधरा परिवार का गठन वर्ष 2005 में किया गया है। संघ परिवार की विचारधारा को आगे बढ़ाना लक्ष्य है। वसुंधरा परिवार की अखिल भारतीय कार्यकारिणी बैठक नवम्बर महीने में दिल्ली में होगी। इस शिविर में भुवनेश्वर से ममता पंडा, दिल्ली से खेमचंद्र शर्मा, डा सत्यजीत, रींवा के पूरनमल साहू, जबलपुर के मुकुल तिवारी, प्रज्ञा द्विवेदी, उडीसा के कृष्ण कुमार गुप्ता, लखनऊ की जया सिंह, वैतुल के अनिल राठौर, लक्ष्मीकांत लखनऊ, श्रीनाथ जेना भुवनेश्वर, प्रो लिली पंडा, शिवांगी परमार, सुधा सिंह लखनऊ, सरस्वती कर्वी समेत मातृशक्ति, प्रशिक्षक और छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही स शिविर में राष्ट्रीय स्तरके अनेकों विभूतियों ने प्रशिक्षण में मार्गदर्शन किया। उद्घाटन सत्र में डा राम अवतार शर्मा (चेयरमैन रामायण सर्किट) सत्येन्द्र सिंह आगरा एवं दीक्षांत समारोह श्री श्री १००८ पूज्य संत राजगुरु बद्री प्रपन्नाचार्य महान्त आचार्य आश्रम मार्गदर्शन हुआ। कार्यक्रम मे अर्पित सिंह बांदा, प्रियांशु चतुर्वेदी, प्रयाग के वनवारी लाल अग्रवाल का योगदान रहा। शिविर में अंतर्राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष आशुतोष ने सभी का आभार जताया।

## IND vs PAK : मैच को लेकर संजय बांगड़ ने कहा- इस मामले में पाकिस्तान से पीछे है भारत

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर का मानना ??है कि 23 अक्टूबर को होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप में होने वाले मुकाबले से पहले भारत बल्लेबाजी विभाग में पाकिस्तान की तुलना में बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली टीम ने 4-5 मैच जीते हैं जो शानदार फॉर्म में हैं। तीन सप्ताह से भी कम समय में भारत और पाकिस्तान मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में टी20 विश्व कप में सुपर 12 चरण के अपने टूर्नामेंट के पहले मैच में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। जहां भारत के पास रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी हैं, जो शोपीस इवेंट से पहले फॉर्म में हैं, वहीं पाकिस्तान के पास कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के अलावा बल्ले से ज्यादा मारक क्षमता नहीं है जिसमें उनका मध्य क्रम बदल गया है और एक प्रमुख कमजोर कड़ी हो सकती है। बांगर



ने कहा, टीम इंडिया ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ कुछ अच्छे मैच खेले हैं और भारतीय टीम एक अधिक संपूर्ण टीम है जो सिर्फ एक या दो व्यक्तियों पर निर्भर नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बल्लेबाजी विभाग में यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान बाबर और रिजवान की तरह अपने शीर्ष क्रम पर निर्भर है। जबकि भारतीय टीम वास्तव में कुछ खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं है। वह चार या पांच मैच विजेता हैं। बांगर ने कहा, बल्लेबाजी के नजरिए से मुझे लगता है कि भारतीय टीम बेहतर स्थिति में है। बांगर ने स्वीकार किया कि भारत तेज गेंदबाजी में पाकिस्तान से थोड़ा पीछे है, लेकिन उन्हें लगता है कि भारत के पास अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ने के लिए पर्याप्त कौशल है। अगर आप गेंदबाजी के हिस्से को देखें तो जाहिर है, उनके पास गति है, उनके पास हमेशा ऐसा ही था। लेकिन भारतीय टीम के पास इस मायने में कौशल है, अगर जसप्रीत बुमराह की जगह दीपक चाहर फिट होते हैं, तो आप गेंद को ऊपर की ओर स्विंग करने की उनकी क्षमता देख सकते हैं और अर्शदीप सिंह को भी स्पष्ट रूप से देख सकते हैं, जो बाएं हाथ के हमारे अपने संस्करण हैं। उन्होंने कहा, तो, वह कोई है जो गेंद को दोनों तरफ स्विंग कर सकता है। मुझे लगता है कि भारतीय टीम में तेज गेंदबाजी विभाग की कमी है, लेकिन उनके पास कौशल ज्यादा है। भारत और पाकिस्तान हाल ही में यूएई में हुए एशिया कप में दो बार आमने-सामने हुए थे। जहां भारत ने लीग चरण का मैच जीता, वहीं पाकिस्तान सुपर फोर चरण में विजयी हुआ। बांगर ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ हाल के मैचों से मिली सीख से भारत को ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। बांगर ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझे पूरा यकीन है कि भारतीय टीम ने जिस तरह से बल्लेबाजी की है, उससे काफी सकारात्मकता ली होगी। गेंदबाजों के लिए कठिन सबक, लेकिन यह अच्छा है कि यह आया है इस चरण में जहां इसके बारे में सोचने, अपनी योजनाओं को फिर से तैयार करने, आगे बढ़ने और ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने का समय है।

## त्रिकोणीय टी-20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम में शामिल हुए ब्लेयर टिकर

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू त्रिकोणीय टी-20 श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकर को टीम में शामिल किया है टिकनर को स्पिनर मिशेल संटनर के कवर के रूप में टीम में शामिल किया गया है, जो पिछले सप्ताह अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद अभी शिविर में वापस नहीं लौटे हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच टी20 ट्राई सीरीज के पहला मैच खेला जाएगा। इसके बाद न्यूजीलैंड शनिवार रात पाकिस्तान के खिलाफ हेगले ओवल में अपना अभियान शुरू करेगा। टिकर टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो ऑस्ट्रेलिया में इस महीने के अंत में शुरू होने वाले टी 20 विश्व कप के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं।

## ग्राहम रीड, जेनेक शोपमैन ने जीते साल के सर्वश्रेष्ठ कोच के खिताब

**लुसाने।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड और महिला टीम की कोच जेनेक शॉपमैन ने अपने-अपने वर्ग में साल 2021/22 के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार जीता है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने इसकी घोषणा की। एफआईएच ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के शानदार प्रदर्शन के लिए जेनेक शोपमैन को साल की सर्वश्रेष्ठ महिला टीम कोच का पुरस्कार दिया।

भारतीय महिलाओं ने ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ कांस्य पदक मैच 4-3 से हारने के बाद 2020 ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल किया था। इसके अलावा भारत ने 2021/22 सत्र में पहली बार एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग में हिस्सा लेते हुए जर्मनी, नीदरलैंड, स्पेन और अर्जेंटीना जैसी टीमों को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया था। इस समय गुजरात के राजकोट में राष्ट्रीय खेलों का आनंद ले रहीं शोपमैन ने कहा कि यह पुरस्कार प्राप्त करना एक सम्मान की बात है। मैं हॉकी इंडिया, खेल मंत्रालय, ओडिशा सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण और अपने परिवार एवं स्टाफ को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। सबसे अधिक धन्यवाद टीम को जाता है क्योंकि यह सब उन्हीं की बदौलत है। खिलाड़ी कड़ी मेहनत करते हैं,





सीखना चाहते हैं और हमेशा अपना समर्पण दिखाना चाहते हैं। उनका कोच बनना बहुत खुशी की बात है।

इस पुरस्कार के लिए शोपमैन का सामना जैमिलन मुलडर्स (नीदरलैंड), कैटरीना पॉवेल (ऑस्ट्रेलिया), राउल एहरेन (बेल्जियम) और एड्रियन लॉक (स्पेन) से हुआ। शोपमैन ने बड़े-बड़े नामों के बीच पुरस्कार जीतने पर कहा कि जब आप दुनिया के कुछ बेहतरीन कोचों के खिलाफ होते हैं तो पुरस्कार जीतना वास्तव में बहुत आश्चर्यजनक लगता है। यह पुरस्कार इस बात को साबित करता है कि खिलाड़ी मैदान पर क्या करने में सक्षम थे और मुझे खुशी है कि टीम अच्छी तरह से प्रगति कर रही है।

दूसरी ओर, ग्राहम रीड ने भी टोक्यो ओलिम्पिक 2020 में भारतीय पुरुष टीम के शानदार प्रदर्शन के दम पर एफआईएच की ओर से साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टीम कोच का पुरस्कार हासिल किया। भारतीय पुरुषों ने देश को 41 साल बाद हॉकी का ओलंपिक पदक दिलाते हुए टोक्यो ओलिम्पिक में ऐतिहासिक कांसे का तमगा जीता था। भारतीय टीम ने इसके बाद एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021/22 में तीसरा स्थान हासिल किया। भारत ने अपने पूरे अभियान में 62 गोल किए, जो प्रो लीग के इतिहास में किसी टीम द्वारा जमाए गए सर्वाधिक गोल हैं। ग्राहम रीड की टीम ने अपने दर्शनीय प्रदर्शन को आगे बढ़ाते हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भी रजत पदक अपने नाम किया था। वर्तमान में राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण (साई) बेंगलुरु में आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग के लिए टीम के साथ तैयारी कर रहे रीड ने कहा कि मैं बस टहलने जा रहा था और लड़कों ने मुझे जिम में आश्चर्यचकित कर दिया। मुझे बिल्कुल पता नहीं था, यहां तक कि मेरी पत्नी भी मुझे इस खबर के साथ चौंकाने की योजना में टीम के साथ शामिल थी। रीड ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि ये पुरस्कार इस बात का गवाह है कि टीम कैसे खेलती है, न कि मेरी व्यक्तिगत उपलब्धियों का। मुझे लगता है कि यही वह माहौल है जिसे मैं टीम में बढ़ावा देने की कोशिश करता हूं। पुरस्कार जीतना शानदार है लेकिन मुझे लगता है कि यह पूरी टीम ने हासिल किया है। साल के सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार के लिए ग्राहम का सामना जेरोएन डेलमी (नीदरलैंड), मिशेल वैन डेन ह्यूवेल (बेल्जियम), गैरेथ इविंग (दक्षिण अफ्रीका), फ्रेडरिक सोयेज (फ्रांस) से था। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदियों के बारे में कहा कि अन्य टीमों के कोच विश्वस्तरीय हैं।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, भारत ने रूस पर डाला था दबाव

**आकलैंड।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने बयान में रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। जयशंकर ने कहा कि यूक्रेन संकट के समाधान के लिए भारत यथासंभव हर प्रकार की सहूलियत देने को इच्छुक है। जयशंकर ने बताया कि जब यूक्रेन और रूस के बीच संवेदनशील जपोरिज्जिया में लड़ाई बढ़ गई थी तब भारत ने मॉस्को पर वहां मौजूद परमाणु संयंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दबाव बनाया था।

उन्होंने आगे कहा कि मैं उस दौरान संयुक्त राष्ट्र के दौरे पर था और उसी समय हमसे निवेदन किया गया कि हम रूस पर दबाव डालें। हालांकि हमने इसको एक गंभीर चिंता के रूप में लिया और रूस को इस चिंता से रूबरू कराया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व रूस-यूक्रेन युद्ध से प्रभावित है। उन्होंने अफगानिस्तान में तालिबान के अधिग्रहण को भी एक बड़ा मुद्दा बताया। विदेश मंत्री जयशंकर ने



दुनिया में दोहरे मापदंड और भारत की स्थिति पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दोहरे मापदंड का चलन पुराना है।

उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हमने जो बदलाव देखे हैं उनमें से एक यह भी है कि अमेरिका अपने खुद के पुराने गठबंधन, संधि और रिश्ते से बाहर के देशों के साथ काम करने के लिए आगे बढ़ा है। उन्होंने आगे कहा कि आपके पास अदालत जैसे तंत्र हैं, जिसमें अमेरिका के लिए कुछ गठबंधन शामिल हैं। हालांकि भारत जैसा भी देश है जो ऐतिहासिक रूप से गठबंधनों और संधियों से दूर रहा है।

विदेश मंत्री ने कहा कि 1970 और 1980 के दशक में प्रमुख निर्णय जी-7 देशों के द्वारा लिए जाते थे, लेकिन समय के साथ इसमें बदलाव हुआ और इसका केंद्र जी-20 देशों की ओर स्थानांतरित हो गया। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और इस दशक के अंत तक इसको दुनिया के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने न्यूजीलैंड समकक्ष नानाया महुता के साथ वार्ता में न्यूजीलैंड के द्वारा लागाए गए कोरोना मापदंडों का मुद्दा उठाया।

मालूम हो कि न्यूजीलैंड के द्वारा लागाए गए कोरोना मापदंडों के कारण भारतीय छात्रों को वीजा लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।विदेश मंत्री आकलैंड में छह अक्टूबर को प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न के साथ न्यूजीलैंड में रह रहे भारतीय समुदाय के सदस्यों को उनकी असाधारण उपलब्धियों और योगदान के लिए सम्मानित किए जाने वाले एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्री न्यूजीलैंड दौरे के बाद कैनबरा और सिडनी की यात्रा करेंगे। उन्होंने ऑकलैंड बिजनेस चेंबर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सिमोन ब्रिजेस से लंबी बातचीत की।

## गाम्बिया सरकार घर-घर तलाश रही भारतीय कफ सीरप

**बांजुल।** गाम्बिया ने भारत में बने सिरप से कई बच्चों की मौत के बाद अब घर-घर इस सिरप की तलाश के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की चेतावनी के बाद इस सिरप को वापस लेने को कहा है। ज्ञात रहे कि गाम्बिया में भारत के सीरप पीने से 60 से अधिक बच्चों की किडनी क्षतिग्रस्त होने से मौत हो गई है। स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मुस्तफा बिट्टए ने पुष्टि की कि बच्चों की मौत किडनी में घातक चोट के कारण हुई जिससे देश के 24 लाख लोगों समेत पूरे विश्व में लोग शोकजदा हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इन मौतों को लेकर चेतावनी जारी की है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने जारी एक बयान में कहा कि डब्ल्यूएचओ ने गाम्बिया में चिह्नित की गई उन चार दूषित दवाओं के लिए अलर्ट जारी किया है, जिनके कारण गुर्दे को गंभीर क्षति से 66 बच्चों की मौत होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि बच्चों की मौत परिवारों के लिए एक हृदय विदारक घटना है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि ये चार दवाएं भारत में उत्पादित कफ सिरप हैं। हालांकि, डब्ल्यूएचओ ने बयान जारी करके साफ कर दिया कि दूषित उत्पादों का अब तक केवल गाम्बिया में पता चला है, इसलिए उन्हें अन्य देशों में वितरित किया जा सकता है। डब्ल्यूएचओ भारत में कंपनी और नियामक प्राधिकरणों के साथ जांच कर रहा है। गांबिया की मेडिकल अनुसंधान परिषद ने भी चेतावनी जारी की है। परिषद ने अपने बयान में कहा है कि पिछले हफ्ते हमने किडनी में घाव से ग्रस्त एक बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया था, लेकिन उसको बचाया नहीं जा सका है। हम यह पुष्टि करने में सक्षम हैं कि अस्पताल में भर्ती कराये जाने से पहले उसने उनमें से एक दवा ली थी, जिसके वजह से ऐसा होने की आशंका है। इस दवा को गाम्बिया में खरीदा गया था।

परिषद ने कहा कि पहचानी गई दवाओं में पर्याप्त मात्रा में विषैला तत्व पाया गया है जो किडनी को घातक रूप से क्षति पहुंचाता है। दूषित दवा को लेकर भारत सरकार और हरियाणा सरकार मिलकर जांच कर रही है।

## यूक्रेन युद्ध और ऊर्जा संकट पर चर्चा को जुटे यूरोप के 44 देश

**प्राग।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध से बुरी तरह प्रभावित 44 यूरोपीय देशों के नेता ऊर्जा संकट समेत कई मामलों के समाधान के लिए चेक गणराज्य के प्राग में एकजुट हुए। इन सभी देशों ने एक स्वर में यूक्रेन पर रूसी हमलों के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया है।

इस समिट में यूरोपीय यूनियन (ईयू) के 27 सदस्य देशों के साथ ही ब्रिटेन, तुर्किये और बाल्कन देशों के नेता भी भाग ले रहे हैं। क्षेत्रीय देशों में केवल रूस और उसके सहयोगी बेलारूस के नेताओं को आमंत्रित नहीं किया गया है।

प्राग कैसल के बाहर पत्रकारों से बातचीत में आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैटरीन जाकोब्सदोतीर ने कहा, देखा जा सकता है कि पूरा यूरोप रूसी हमले के खिलाफ एकजुट खड़ा है। इसी कैसल में समिट हो रही है। जबकि बेल्जियम के प्रधानमंत्री एलेक्जेंडर डी क्रू ने कहा, अगर यहां पर सिर्फ उपस्थिति दर्ज कराने आए हैं तो भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह एकजुटता दिखाने का मंच है। यहां पर केवल रूस और बेलारूस की अलग हैं। जाहिर है वे अलग-थलग पड़ गए हैं।

समिट में भाग ले रहे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर ओलफ शुल्ज ने कहा, वे महाद्वीप में शांति और संपन्नता चाहते हैं। समिट में यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनीज शमीहाल भाग ले रहे हैं, जबकि राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की वीडियो लिंक से विचार रख सकते हैं। समिट में ईयू की ओर से कोई आर्थिक घोषणा होने की उम्मीद नहीं है, न ही कोई संयुक्त घोषणा पत्र जारी करने का कार्यक्रम है।



यूक्रेन में युद्ध के कारण यूरोप को आक्रामक तौर पर रूस से गैस और तेल से खुद को अलग करने और वैकल्पिक स्रोतों की ओर जाने के लिए मजबूर किया है। यूरोपीय घरों और उद्योगों को बिजली देने के लिए आवश्यक ऊर्जा के लिए संभावित कमी और इनकी मूल्य वृद्धि के नाटकीय बदलाव ने लोगों की चिंताओं को बढ़ा दिया है।

**सर्दियों में गैस की कमी से जूझेजा का फ्रांस**

फ्रांस सरकार ने देश को रूस से मिलने वाली प्राकृतिक गैस के बिना सर्दियों को गुजराने और यूरोपीय संघ के लक्ष्य के करीब 2050 तक जलवायु तटस्थता तक पहुंचने के लिए एक ऊर्जा बचत अभियान शुरू किया।

फ्रांस की योजना में महीनों तक 'ऊर्जा संयम' के लिए गैस के साथ सामंजस्य और बिजली-बचत अभियान चला रहा है जो पूरे यूरोप में जड़ें जमा रहे हैं।


## जिनजियांग प्रांत में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा के मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने बनाई दूरी

**जिनेवा।** भारत ने चीन के जिनजियांग क्षेत्र में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में एक मसौदा प्रस्ताव पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मानवाधिकार समूह संसाधन संपन्न उत्तर-पश्चिमी चीनी प्रांत में (मानवाधिकार हनन की) घटनाओं को लेकर वर्षों से खतरे की घंटी बजाते रहे हैं। इनका आरोप है कि चीन ने 10 लाख से अधिक उइगरों को उनकी इच्छा के विरुद्ध कथित पुनर्शिक्षा शिविरों में हिरासत में रखा है। 47 सदस्यीय परिषद में यह मसौदा प्रस्ताव खारिज हो गया, क्योंकि 17 सदस्यों ने पक्ष में तथा चीन सहित 19 देशों ने मसौदा प्रस्ताव के विरुद्ध मतदान किया। भारत, ब्राजील, मैक्सिको और यूक्रेन सहित 11 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। मसौदा प्रस्ताव का विषय था- चीन के जिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में मानवाधिकारों की स्थिति पर चर्चा। मसौदा प्रस्ताव कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन, ब्रिटेन और अमेरिका के एक कोर समूह द्वारा पेश किया गया था, और तुर्की सहित कई देशों ने इसे सह-प्रायोजित किया था। ह्यूमन राइट्स वॉच में चीन की निदेशक सोफी रिचर्डसन ने एक बयान में कहा कि अपने इतिहास में पहली बार, संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष मानवाधिकार निकाय ने चीन के जिनजियांग क्षेत्र में मानवाधिकार की स्थिति पर बहस करने के प्रस्ताव पर विचार किया। चीन में उइगरों और अन्य मुस्लिम बहुल समुदायों के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर आरोपों को 2017 के अंत से संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार तंत्र के ध्यान में लाया जाता रहा है।

## मारिजुआना को लेकर बाइडेन सरकार का बड़ा फैसला : अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- गांजा पीने या रखने के आरोपी जेल से रिहा किए जाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मारिजुआना यानी गांजा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। बाइडेन ने राष्ट्र के नाम एक वीडियो संदेश में ऐलान किया है कि गांजा पीने और रखने के आरोप में देश की फेडरल जेलों में बंद सभी लोगों को रिहा किया जाएगा। राष्ट्रपति चुनाव के कैंपेन के दौरान उन्होंने इसे लेकर वादा किया था।

उन्होंने कहा कि सिर्फ गांजा पीने या रखने के आरोप में किसी को जेल में बंद करना सही नहीं है। गांजा रखने पर लोगों को जेल में डालने से कई जिंदगियां बर्बाद हुई हैं। गांजा रखने पर लगाए गए क्रिमिनल आरोपों के चलते लोगों को रोजगार, घर और पढ़ाई-लिखाई के मौके नहीं मिल पाते हैं। और जहां श्वेत और अश्वेत लोग बराबर मात्रा में गांजे का



इस्तेमाल करते हैं, श्वेत लोगों के मुकाबले अश्वेत लोग इस मामले में ज्यादा गिरफ्तार किए जाते हैं और उन्हें ज्यादा सजा दी जाती है। बाइडेन ने कहा कि सबसे पहले मैं सभी गांजा रखने के सभी फेडरल आरोपियों की सजा माफ करता हूं। मैंने अटर्नी जनरल को इस मामले में निर्देश दिया है कि जो लोग एलिजिबल हों उनकी सजा खत्म करने के सर्टिफिकेट जारी किए जाएं। मेरे इस एक्शन से हजारों ऐसे लोगों को मदद मिलेगी जो गांजा रखने के आरोपों के परिणाम भुगत रहे हैं।

दूसरा, मैं सभी राज्यों के गवर्नरों को भी ऐसा ही करने की सलाह दूंगा। जैसे किसी को गांजा रखने के लिए फेडरल जेल में नहीं होना चाहिए, ठीक वैसे ही किसी को लोकल या स्टेट जेल में भी नहीं होना चाहिए।

तीसरा, मैं हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज के सेक्रेटरी और अटर्नी जनरल से यह कहूंगा कि वे रिव्यू करे कि गांजा को फेडरल लॉ के तहत कैसे रखा गया है। गांजा को फेडरल कानून के कंट्रोल्ड सब्सटेंस एक्ट के शेड्यूल-1 के तहत रखा गया है। यह क्लासिफिकेशन सबसे खतरनाक सब्सटेंस के लिए हैं जिसमें हेरोइन और रुस्ड शामिल हैं। फेंटानिल और मेथमफेटामाइन जैसे ड्रग्स भी इसे कैटेगरी से नीचे क्लासिफाई किए जाते हैं।

**गांजे की अवैध खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध जारी रहेगा**

बाइडेन ने यह भी कहा कि भले ही गांजा सेवन और पजेशन के फेडरल और स्टेट कानूनों में बदलाव आता है, इसे अवैध तरीके से खरीदना बेचना, इसकी मार्केटिंग करना और अंडर-ऐज बिक्री पर लगे जरूरी प्रतिबंध लगे रहने चाहिए। आखिर में बाइडेन ने कहा कि मारिजुआना को लेकर हमारी गलत अप्रोच के चलते कई जिंदगियां खराब हुई हैं, यह सही वक्त है कि हम इस गलती को सुधार लें।

## ट्विटर डील 28 अक्टूबर तक पूरी कर सकते हैं मस्क, कोर्ट ने दिया वक्त

**नई दिल्ली।** एलन मस्क और ट्विटर के बीच जारी कानूनी लड़ाई पर कुछ समय के लिए विराम लग गया है। अमेरिका की एक स्थानीय कोर्ट ने ट्विटर इंक और मस्क के बीच चल रहे मामले की सुनवाई को फिलहाल रोक दिया है। कोर्ट ने मस्क को 44 बिलियन डॉलर की डील को पूरा करने के लिए थोड़ा और वक्त देने की पेशकश की है।




डेलावेयर कोर्ट के एक जज ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा कि एलन मस्क को अपनी ट्विटर के साथ डील को पूरा करने के लिए 28 अक्टूबर तक का समय दिया जा रहा है। इस दौरान उनके खिलाफ कोई भी अदालती कार्यवाही नहीं होगी, लेकिन उन्होंने डील पूरी नहीं की तो नवंबर में ट्रायल के लिए नई तारीख तय की जाएगी। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने कई महीने की कानूनी लड़ाई के दौरान ट्विटर अधिग्रहण सौदे पर आगे बढ़ने के संकेत दिए थे। मस्क ने ट्विटर के अधिग्रहण के लिए एक बार फिर पुराने ऑफर यानी 44 अरब डॉलर का प्रस्ताव रखा था। मस्क के अमेरिकी शेयर बाजार नियामक को यह जानकारी देने के बाद ट्विटर ने भी इसकी पुष्टि की थी कि उसे मस्क का लेटर मिला है।

उल्लेखनीय है कि टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने अप्रैल में ट्विटर के साथ 54.20 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से लगभग 44 अरब डॉलर में यह डील फाइनल किया था। मस्क के इस प्रस्ताव के कुछ दिन बाद ही ट्विटर इंक के साथ गतिरोध शुरू हो गया। मस्क ने ट्विटर से फेक अकाउंट्स की डिटेल्स मांगी, तो ट्विटर ने इसे देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद मस्क ने इस डील को कैंसिल कर दिया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## ताइवन की चीन को दो टूक:डिफेंस मिनिस्टर ने कहा: चीनी एयरक्राफ्ट सीमा में घुसे तो अब जवाब जरूर देंगे

**ताइवान।** ताइवान अपनी सीमा में चीन की बढ़ रही घुसपैठ को लेकर सख्त रुख अपनाता नजर आ रहा है। ताइवान के डिफेंस मिनिस्टर चिउ कुओ-चेंग ने अपने देश की सीमा पर चीनी ड्रोन्स और फाइटर जेट्स की एंट्री पर जवाबी कार्रवाई करने की बात कही है। हुई नेशनल डिफेंस कमेटी की मीटिंग में चेंग ने कहा - चीन के ड्रोन या फाइटर एयरक्राफ्ट हमारी सीमा में आते हैं तो इसे हमला माना जाएगा। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि वो किस तरह चीन के इस हमले का जवाब देंगे। उनके मुताबिक, जवाबी कार्रवाई जरूर की जाएगी।

**ताइवान ने बदली नीति**

ताइवान ने पहले तय किया था कि जब तक चीन की ओर से पहला हमला नहीं होगा, वो एक्शन नहीं लेंगे। लेकिन, नीति में बदलाव आया है। अब चीन के ड्रोन्स या एयरक्राफ्ट ताइवान एयरस्पेस की सीमा में आते हैं तो इसे एयर स्ट्राइक मानते हुए जवाबी कार्रवाई की जाएगी।

ताइवान की प्रेसिडेंट साई इंग



वेन ने भी इस साल की शुरुआत में चीन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही थी। वेन ने कहा था, हम लड़ाई या विवाद करने के पक्ष में नहीं। लेकिन चीन की ओर से हमला हुआ तो हम जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हैं।

**ताइवान को अपनी सीमा में मिलाना चाहता है चीन**

ताइवान चीन के समुद्री किनारे से 177 किलोमीटर से भी कम दूरी पर है। पिछले 70 सालों से दोनों जगह स्वतंत्र शासन है। बावजूद इसके चीन इस द्वीप को अपना हिस्सा बनाना चाहता है। चीन के प्रेसिडेंट कह चुके हैं कि ताइवान को फिर से चीन में मिलाना उनके लिए जरूरी है।

चीन के सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के डिप्टी डायरेक्ट भी ने भी कहा था कि वो जोर लगाकर या सैन्य दबाव बनाकर ताइवान को चीन में शामिल नहीं कराना चाहते। लेकिन उनका फोकस एक ऐसी सेना तैयार करने में है जो 2027 तक ताइवान को चीन की सीमा में शामिल करने में सक्षम हो।

**पिछले कुछ सालों में दोनों के बीच तनाव बढ़ा**

चीन और ताइवान के बीच पिछले एक दशक में तनाव बढ़ा है। इस साल 2 अगस्त को स संसद की स्पीकर नैन्सी पेलोसी ताइवान विजिट पर आई थीं। इसके बाद चीन ने ताइवान सीमा के पास सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया। इस अभ्यास के दौरान चीन के 22 फाइटर और 4 युद्धपोत ताइवान की सीमा में दाखिल हो गए थे। इनमें सुखोई S-30, शेनयांग J-11, शेनयांग J-16 जैसे जेट लड़ाकू विमान शामिल थे। इसके बाद दोनों देश पूरी तरह से आमने-सामने हो गए।

## फ्रांसीसी लेखिका एनी एरनॉक्स को मिला साहित्य का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** दुनिया के सर्वाधिक प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कारों के ऐलान का सिलसिला जारी है। साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गयी। फ्रांसीसी लेखिका एनी एरनॉक्स को साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला है। दुनियाभर में विज्ञान, साहित्य, चिकित्सा और शांति के क्षेत्र में काम करने वालों को नोबेल पुरस्कारों के ऐलान की प्रतीक्षा रहती है। ये पुरस्कार इन क्षेत्रों में वैश्विक रूप से श्रेष्ठ मान्यता का प्रतीक माने जाते हैं। साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार का ऐलान हुआ। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने फ्रांसीसी लेखिका एनी एरनॉक्स को वर्ष 2022 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की। उन्हें व्यक्तिगत स्मृति की प्रारंभिक अवस्थाओं, व्यवस्थाओं और सामूहिक प्रतिबंधों को उजागर करने के साहस के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। एरनॉक्स लेखन को एक राजनीतिक क्रियाकलाप मानती हैं, ताकि सामाजिक असमानता को लेकर दुनिया की आंखें खोली जा सकें। इसके लिए वे भाषा को एक चाकू की तरह इस्तेमाल करती हैं।

इससे पहले अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की कैरोलिन आर. बेरटोजी, डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के मॉर्टेन मेलडॉल और अमेरिका के स्क्रिप्स रिसर्च सेंटर के के. बैरी शार्पलेस को रसायन शास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गयी थी। इन वैज्ञानिकों को क्लिक केमिस्ट्री और बायोऑर्थोगोनल केमिस्ट्री के विकास के लिए यह पुरस्कार मिला है। मंगलवार को फ्रांसीसी वैज्ञानिक एलेन एस्पेक्ट, अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन एफ क्लॉजर और ऑस्ट्रियाई वैज्ञानिक एंटोन जिलिंगर को संयुक्त रूप से भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा हुई थी। इन तीनों वैज्ञानिकों ने अलग-अलग काम करते हुए क्वांटम मैकेनिक्स के क्षेत्र में विशिष्ट शोध किया है। यह शोध उस प्रक्रिया पर केंद्रित है, जहां किसी पदार्थ के दो कण अलग-अलग होकर भी एक इकाई के रूप में काम करते हैं। इन वैज्ञानिकों के शोध परिणामों ने क्वांटम सूचना तंत्र के आधार पर नई तकनीक के विकास का पथ प्रशस्त किया है।

## अंतरिक्ष पर पहुंचने वाली अमेरिकी मूल की पहली महिला बनीं निकोल मान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के लिए आखिरकार लंबा इंतजार खत्म हो गया है। अमेरिकी मूल की कोई महिला पहली बार अंतरिक्ष पहुंचने में सफल रही हैं। कर्नल निकोल औनापु मान अंतरिक्ष पहुंचने वाली अमेरिकी मूल की पहली महिला बन गई हैं। हालांकि, अमेरिका की कई महिला नागरिक स्पेस की यात्रा कर चुकी हैं, लेकिन इनमें से कोई भी अमेरिकी मूल की निवासी नहीं थीं।



एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स ने क्रू-5 मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को फ्लोरिडा से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना किया था। इस यान में एक रूसी अंतरिक्ष यात्री, दो अमेरिकी और एक जापानी यात्री हैं। इसमें निकोल मान भी हैं। ये मिशन 6 महीने तक चलेगा।

निकोल मान का जून 2013 में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) में चयन हुआ था। उन्होंने अपनी पहली अंतरिक्ष की यात्रा के लिए नौ साल लंबा इंतजार किया। निकोल स्पेस एक्स के मिशन क्रू-5 का कमांडर बनाया गया है। कैलिफोर्निया में जन्मी निकोल मान ने 1995 में रैंचो कोटेट हाई स्कूल से ग्रेजुएशन की। निकोल मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ साइंस भी हैं। अभी वह अमेरिकी मरीन कॉर्प्स में कर्नल भी हैं। उन्होंने एफ/ए-18 हॉर्नेट और सुपर हॉर्नेट में टेस्ट पायलट के तौर पर काम भी किया है। इराक और अफगानिस्तान में युद्ध अभियानों के लिए उन्हें दो बार विमान वाहक पोत पर तैनात किया गया था।

## नेपाल में यात्री बस नदी में गिरी, 16 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के बारा जिले में यात्री बस पलटने से 16 लोगों की मौत हो गयी। हादसे में 24 लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। नेपाल के मधेश प्रांत में नारायणघाट से बीरगंज की ओर यात्री बस जा रही थी। ईस्ट-वेस्ट हाईवे पर बारा जिले में जीतपुर सिमरा के पुल संख्या तीन के पास बस पलटकर नीचे नदी में गिर गयी। बस के गिरते ही चीख पुकार मच गयी और चौदह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। 26 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें से दो लोगों ने दम तोड़ दिया।



मकवनपुर जिले के पुलिस प्रमुख बामदेव क्षेत्री ने बताया कि दुर्घटना में 16 लोगों की मौत हो चुकी है और गंभीर रूप से घायल 24 लोगों का नजदीकी अस्पतालों में इलाज हो रहा है। कई घायल गंभीर है, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के शिकार लोगों की पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं।